पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 286

ग्वालियर, शुक्रवार, 10 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

सीडीएस रावत और पत्नी की मौत के बाद पलभर में अनाथ हो गई दो बेटियां

नई दिल्ली। कुन्नूर के समीप हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका और 11 अन्य लोगों की मृत्यु हो गई है। भारतीय वायुसेना ने इसकी पुष्टि की है।वायुसेना ने कहा,बहुत ही अफसोस के साथ अब इसकी पुष्टि हुई है कि दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में जनरल बिपिन रावत, मधुलिका और 11 अन्य की मृत्यु हो गई है।हादसे ने जनरल रावत की बेटियों को भी पलभर में अनाथ बना दिया।देश के पहले चीफ डिफेंस स्टाफ जनरल रावत की मौक से पूरे देश में मातम का माहौल है।सीडीएस जनरल रावत को 31 दिसंबर 2019 को देश के पहले सीडीएस की जिम्मेदारी दी गई थी। रावत की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी का नाम कृतिका रावत बताया जाता है, जबकि दूसरी बेटी का नाम तारिणी बताया गया है।बड़ी बेटी कीर्तिका रावत, जिनकी शादी हो चुकी हैं, वहां मुंबई में रहती हैं। वहीं छोटी बेटी तारिणी रावत दिल्ली में रहकर हाईकोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस करती हैं। बेटियों ने एक हादसे में अपने माता-पिता को खो लिया। परिवार हादसे पर विश्वास नहीं कर पा रहा है।दोनों बेटियों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

कुन्नूर हैलीकॉप्टर हादसे में पंजाब के जवान की मौत

तरनतारन)। तमिलनाडु के जिला रतनागरी के नजदीक हादसे का शिकार हुए हैलीकॉप्टर में भारतीय सेना के जवान नायक गुरसेवक सिंह गांव दोदे सोढिया (तरनतारन) भी शामिल थे। उनकी मौत की खबर सुन कर परिवार के इलावा गांव और पूरे इलाके में दुख की लहर दौड़ गई है। इस संबंधी नायक गुरसेवक सिंह के छोटे भाई गुरबख्श सिंह ने बताया कि वह 6 भाई और 2 बहनें हैं। गुरसेवक साल 2002 में भारतीय फौज में भर्ती हुए था और वह 9 पैरा में दिल्ली में ड्यूटी करता था। उसका विवाह साल 2011 में जसप्रीत कौर के साथ हुआ था। उसकी 2 बेटियां सिमरतदीप कौर (9), गुरलीन कौर (7) और एक बेटा गुरफतेह सिंह (4) और परिवार में बुजुर्ग पिता काबिल सिंह के इलावा छोटा भाई भी है। गुरसेवक की माता गुरमीत कौर का 2010 में निधन हो गया था। दुख इस बात का है ?कि नायक गुरसेवक सिंह के परिवार से अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी और राजनीतिक नेता दुख सांझा करने के लिए नहीं पहुंचा।

दिल्ली की रोहिणी कोर्ट के रूम नंबर 102 में धमाका

नई दिल्ली। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कोर्ट के रूम नंबर 102 में धमाका होने से हड़कंप मच गया है। मौके पर फायर और पुलिस पहुंच गया है। कुछ लोगों का कहना है कि शायद लैपटॉप की वजह से ब्लास्ट हुआ है। जांच के लिए केबिन के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। दमकल के मुताबिक उन्हे 10-40 पर ब्लास्ट की कॉल मिली है। जिसके बाद 7 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। ब्लास्ट किस तरह का है इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल कोर्ट में चल रहे सभी मामलों की सुनवाई रोक दी गई है। दिल्ली पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी करते हुए इसकी सुरक्षा बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। पुलिस ने अभी फिलहाल किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं दिया है घटना के बाद रोहिणी कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जो जहां मौजूद था वो वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की कोशिश करने लगा। ब्लास्ट में दो लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है।

अब मासूमों पर टूटा कोरोना का कहर

नई दिल्ली। पिछले एक सप्ताह के दौरान अमेरिका में 133,000 से ज्यादा बच्चों के कोरोना संक्रमित होने के मामलों ने हडकंप मचा दिया है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एंड द चिल्ड्रन हॉस्पिटल एसोसिएशन ने एक संयुक्त रिपोर्ट जारी करके यह जानकारी दी है। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में इस समय कुल जितने संक्रमित मरीज मिल रहे हैं, उनमें 11 प्रतिशत तादाद बच्चों की है। वहीं, वरिष्ठ अमेरिकी वैज्ञानिक एंटनी फाउची ने हाल में कहा कि देश में अभी ओमीक्रोन से जुड़े बेहद कम मामले सामने आ रहे हैं, अब भी डेल्टा स्वरूप के चलते ही संक्रमण बना हुआ है। यूरोपीय स्कूलों में कोरोना क्लस्टर मिलने के कई मामले सामने आने के बाद चिंता बढ़ गई है। ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रीस समेत कई देशों के स्कूलों में सामुदायिक संक्रमण के मामले आने से शिक्षक व बच्चों को आइसोलेट करना पड़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी यूरोपीय देशों को सलाह दी है कि वे स्कूलों में अभियान चलाकर टीकाकरण कराएं ताकि जल्द से जल्द बड़ी तादाद में बच्चों को टीका लगाया जा सके। सिडनी के रीजेंट पार्क क्रिश्चियन स्कूल के तीन बच्चों में ओमीक्रोन स्वरूप के संक्रमण की पुष्टि हुई। इनमें से एक बच्चे के विदेशी यात्रा का कोई संबंध नहीं है, जिसके आधार पर वैज्ञानिक इस घटना को देश का पहला स्कूल सामुदायिक संक्रमण का मामला बता रहे हैं।

राज्यपाल द्वारा टी.बी. एसोसिएशन की समीक्षा

टी.बी. उपचार नियंत्रण प्रयासों में निजी क्षेत्र को जोड़े : राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि टी.बी. रोग के प्रसार की आशंका वाले उद्योगों, व्यवसायों से रोग परीक्षण और उपचार प्रयासों में सहयोग प्राप्त किया जाए। टी.बी. रोग के कारणों, उपचार संबंधी जानकारियों के संबंध में जन-जागरण के कार्य किए जाए। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के पूर्व संबंधित क्षेत्र में दृश्य-श्रव्य के विभिन्न माध्यमों के कार्यक्रम किए जाए। राज्यपाल श्री पटेल आज राजभवन में टी.बी. एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ, जिनसे क्षय रोग पीड़ित होने की आशंका होती है, वहाँ पर नियोजकों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र स्थापित किए जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टी.बी. रोग की जितनी जल्दी पहचान होगी, उसका उपचार उतनी जल्दी होता है। अतः रोग के कारणों के संबंध में व्यापक जन-जागृति के प्रयासों के साथ ही पूरा इलाज रोगी को मिलें, इसके लिए निरंतर चिंतन कर नवाचार किए जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य की निगरानी किया जाना बहुत आवश्यक है। रोग नियंत्रण प्रयासों की क्षेत्रवार, कार्यवार, साप्ताहिक, मासिक और त्रैमासिक समीक्षाएँ की जाए। उन्होंने गाँव स्तर पर क्रियान्वयन कराने के लिए भी कहा, जिससे जमीनी सच्चाइयों के आधार पर कार्य-योजना को अद्यतन किया जाए। राज्यपाल का टी.बी. एसोसिएशन के मानसेवी सचिव डॉ. जी.पी. सक्सेना ने स्वागत किया। आभार प्रदर्शन जयपाल सचदेव ने किया। एसोसिएशन के द्वारा किए जा रहे कार्यों और राज्य में टी.बी. उन्मूलन के लिए हो रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि रोगी की पहचान के लिए केमिस्ट के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने का ऐप संचालित है। देश का एकमात्र राज्य मध्यप्रदेश है, जहाँ निजी क्षेत्र की सहभागिता के साथ रोग उन्मूलन के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, राज्य क्षय अधिकारी डॉ. वर्षा राय, जिला क्षय अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा, समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

कांग्रेस, सपा व बसपा को पृथक-वास से बाहर आने की जरूरत नहीं: योगी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में मथुरा जनपद के मांट में एक जनसभा में कांग्रेस, सपा और बसपा पर निशाना साधा और कहा कि कोरोना के दौरान जब जनता की जान खतरे में थी, उस समय ये सभी गायब थे। उन्होंने कहा कि उस समय पृथक-वास में रहे इन दलों के लिए संदेश है कि सत्ता तुम्हारे लिए दूर की कौड़ी है और तुम्हे आइसोलेशन (पृथक-वास) से बाहर आने की जरूरत नहीं है। योगी ने जाबरा रोड पर आयोजित सभा में यह बात कही। इस दौरान योगी ने 201.16 करोड़ की लागत से 196 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान कांग्रेस, बसपा व समाजवादी पार्टी के लोग गृह पृथक-वास में थे। जनता से अलग थे जबकि स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभाग और सारा तंत्र लोगों की जान बचाने में जुटा था। जब जनता की जान खतरे में थी, उस समय ये सभी गायब थे। इसलिए उन्हें यह बोला जाना चाहिए कि तुम्हारे लिए सत्ता दूर की कौड़ी है। तुम्हे कई साल आइसोलेशन से बाहर आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा ?कि पिछले पौने पांच वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ, जबकि पिछली सरकार के वज़ूद में आते ही मथुरा के ही कोसीकलां कस्बे में मामूली सी बात पर दंगा हो गया। व्यापारियों के प्रतिष्ठान जला डाले गए। उस पर भी उन्हीं के नाम झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए गए। इसके बाद जवाहर बाग जैसा काण्ड हुआ माफियाओं ने जिला मुख्यालय पर ही एक एसपी तक को मार डाला। ऐसा लगता था कि यहां पर कंस का राज्य स्थापित हो गया है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है।

एयरहोस्टेस एलेक्सिस से शादी कर रहे लालू के लाल तेजस्वी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के मुखिया और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की शादी हो रही हैं।तेजस्वी एयरहोस्टेस रहीं

एलेक्सिस से शादी कर रहे हैं। तेजस्वी और एलेक्सिस दोनों एक-दूसरे को 6 साल से जानते हैं।एलेक्सिस उर्फ राशेल गोडिन्हो अब राजेश्वरी यादव के नाम से जानी जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि सगाई के बाद तेजस्वी दो महीनों का ब्रेक चाहते थे, लेकिन उन्होंने सगाई के अगले ही दिन शादी कर ली। तेजस्वी की सगाई और शादी का ये कार्यक्रम दिल्ली के सैनिक फार्म में हुआ है। ये सैनिक फार्म उनकी बहन मीसा भारती का है।सैनिक फार्म के बाहर और अंदर दोनों जगह कड़ी सुरक्षा है।हर आने-जाने वाली गाड़ी को सख्ती से चेक किया जा रहा है।हर गेट पर गाड़ी की डिटेल्स नोट की जा रही है।साथ ही कई सारे बाउंसर्स भी तैनात किए गए हैं। तेजस्वी की सगाई के वेन्यू को पिंक और ब्लू कलर की थीम से सजाया गया है।गेट की एंट्री पर सफेद और गुलाबी फूलों से सजावट की गई है।अंदर एक भव्य स्टेज में बनाया गया है जिसका फ्लावर बेस्ड डेकोरेशन है।

राहुल गांधी से बैठक के बाद प्रियंका से मिले संजय राउत

नई दिल्ली। शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ बातचीत करने के एक दिन बाद पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की।

प्रियंका से मुलाकात के बाद राउत ने कहा कि कांग्रेस नेता के साथ उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों के बारे चर्चा हुई। माना जा रहा कि शिवसेना उत्तर प्रदेश और गोवा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के लिए प्रयासरत है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) में शिवसेना के शामिल होने के सवाल पर राउत कहा, 'मैं उद्धव ठाकरे जी से बात करूंगा और फिर इस बारे में बताऊंगा।' उन्होंने मंगलवार को राहुल गांधी से मुलाकात की थी और कहा था कि देश में विपक्ष का एक ही मोर्चा होना चाहिए तथा कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी गठबंधन नहीं बन सकता। महाराष्ट्र में दोनों पार्टियां सत्तारूढ महा विकास आघाड़ी का हिस्सा हैं।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मांडविया से की मुलाकात

कोरोना जाँच के लिए प्रदेश को मिलेंगी पांच जिनोम सिक्वेंसिंग मशीनें

भोपाल। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख एल मांडविया से मुलाकात कर मध्यप्रदेश के लिए जिनोम्स सिक्रेन्सिंग मशीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। श्री मांडविया ने प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए जिनोम्स सिक्रेन्सिंग मशीन प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। श्री सारंग ने बताया कि अब प्रदेश में ही कोरोना के किसी भी वेरिएंट की जांच और पहचान हो सकेगी। श्री सारंग ने बताया कि यह प्रदेश के लिए बहुत बड़ी

उपलब्धी है। प्रदेश में अभी तक जिनोम्स सिक्रेन्सिंग मशीन न होने के कारण सैम्पल दिल्ली भेजने पड़ते थे जिसके कारण रिपोर्ट आने में काफी विलम्ब होता था। अब प्रदेश में ही पांच मेडीकल कॉलेजों में मशीन होंगी तो जांच रिपोर्ट तुरंत मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि जल्दी ही मशीनें प्रदेश को उपलब्ध हो जायेंगी और उन्हें संबंधित पांचों मेडिकल कॉलेजों में स्थापित कर दीं जायेंगी। मंत्री सारंग ने चिकित्सा महाविद्यालयों के विकास और अन्नयन के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान करने का केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से किया अनुरोध चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन और विकास के विभिन्न लंबित प्रस्तावों पर अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह भी केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख एल मांडविया से किया।





न्यूज़ ट्रैक....

शाकिब 4 हजार रन और 200 विकेट लेने वाले विश्व के छठे खिलाड़ी बने

ढाका । बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी कर 63 रन बनाये पर वह अपनी टीम की हार नही टाल पाये। पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन शाकिब ने अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही एक ब?ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह टेस्ट में 4 हजार रन और 200 विकेट लेने वाले विश्व के छठे खिलाड़ी बन गये है। शाकिब ने सबसे कम मैचों में यह आंकड़ा हासिल किया है। शाकिब ने 59वें टेस्ट में 4 हजार रन पूरे किए। उन्होंने इस दौरान 5 शतक और 25 अर्धशतक लगाये हैं। इसके साथ ही 215 विकेट भी लिए हैं। इस खिलाड़ी ने टेस्ट में 4 हजार रन और 200 विकेट का आंकड़ा सबसे कम मैच में हासिल किया है। इससे पहले इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 69, वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स ने 80, भारत के कपिल देव ने 97, न्यूजीलैंड के डैनियल वेटारी ने 101 और दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस ने 102 मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी।

मिश्रा दंपति का स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन

भोपाल/इन्दौर । गत दिवस भेल सीआईएसएफ एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित हुए मध्य प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शहर के मिश्रा दंपति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक जीते। प्रीति मिश्रा ने 400 व 800 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। वहीं उनके पति प्रदेश के प्रसिद्ध स्कैटिंग कोच संजय मिश्रा ने लंबी कुद में रजत व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि प्रीती व संजय मिश्रा प्रदेश में आयोजित होने वाले साईकिल रेस , रैली व मैराथन दौड़ में भी साथ में भाग लेते है। सीआईएसएफ मैदान पर आयोजित हुए इस मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रदेश भर से आए हुए 500 मास्टर ने भाग लिया यहां के विजेता प्रतियोगी आगामी माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। स्पर्धा के अंत में मध्य प्रदेश युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक जोस चाको, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष मुमताज खान ने मध्य प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स संघ के सचिव पी.के. सैमुअल की उपस्थिति में विजेताओं को पदक वितरित किए व सम्मानित किया।

केएल राहुल को वनडे का बनाया जा सकता है उपकप्तान

नई दिल्ली। केएल राहुल को टी-20 के बाद वनडे टीम में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। रोहित के टी-20 के कप्तान बनने के बाद केएल राहुल को टी-20 का उप कप्तान बनाया गया था। अब रोहित शर्मा को वनडे के जिम्मा देने के बाद बीसीसीआई केएल राहुल को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपने की योजना तैयार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि केएल राहुल वनडे टीम के अगले उप-कप्तान होंगे। उन्होंने पिछले कुछ सालों में शानदार प्रदर्शन किया है। उनके पास 6-7 साल का समय है। वे टीम इंडिया के अगले कप्तान हो सकते हैं। ऐसे में उन्हें विराट कोहली, रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी से सीखने का मौका मिलेगा।

टीम के साथ की जा सकती है घोषणा

बुधवार को साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम की घोषणा की गई। इसी दौरान रोहित शर्मा को वनडे का कप्तान बनाए जाने की भी घोषणा की गई, लेकिन वनडे टीम की घोषणा नहीं की गई है। भारत को साउथ अफ्रीका दौरे पर तीन वनडे मैच भी खेलने हैं। ऐसे में दौरे के लिए टीम का ऐलान जल्द ही होना है। तब राहुल के नाम की घोषणा की जा सकती है।

पिछले 2 साल में सबसे अधिक शतक लगाए

केएल राहुल का प्रदर्शन पिछले 2 साल में वनडे में शानदार रहा है। 1 जनवरी 2020 से भारतीय बल्लेबाजों के वनडे के रिकॉर्ड को देखें तो राहुल ने सबसे अधिक 2 शतक लगाए हैं। इस दौरान वे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी पहले नंबर पर हैं। उन्होंने 12 पारियों में 62 की औसत से 620 रन बनाए। उन्होंने 2 शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं, यानी हर दूसरी पारी में उन्होंने 50 से अधिक रन बनाए। इस दौरान विराट कोहली ने 560 और रोहित शर्मा ने 6 पारियों में 261 रन बनाए।

2017 के बाद पहली बार दो कप्तान

बीसीसीआई ने विराट कोहली को 48 घंटे का अल्टीमेटम देकर, उनके न चाहते हुए भी, कप्तानी से हटा दिया। उन्होंने इस्तीफा भी नहीं दिया था। उनकी जगह रोहित को वनडे की कमान सौंपी गई है। 2017 के बाद पहली बार टीम इंडिया में दो कप्तान होंगे। इससे पहले 2014 से 2017 तक भारतीय टीम में दो कप्तान थे। धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और विराट कोहली टीम के नए कप्तान बने थे। धोनी शॉर्ट फॉर्मेट में बतौर कप्तान खेल रहे थे। इसके बाद कोहली ने 2017 से तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी की है। अब कोहली के टी-20 कप्तानी छोड़ने के बाद रोहित और कोहली भारत के दो अलग-अलग कप्तान होंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी में नाकाम रहे समद, सनराइजर्स की चिन्ताएं बढ़ी

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 2022 सत्र के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने जिन तीन खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। उसमें एक खिलाड़ी अब्दुल समद घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी के अपने पहले ही लिस्ट-ए मैच में नाकाम रहे हैं और केवल पांच रन ही बना पाये। इससे उनकी उनकी टीम जम्मू-कश्मीर को अपने पहले ही मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। इससे सनराइजर्स टीम की चिन्ताएं जरुर बढ़ गयी हैं। सनराइजर्स ने समद को 4 करोड़ की मोटी कीमत देकर अपने साथ जोड़ा है। समद अभी जम्मू-कश्मीर के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। इस दौरान गुजरात से हुए मैच में जम्मू-कश्मीर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.1 ओवर में ही 171 रन पर ही सिमट गई। गुजरात की ओर से हेमांग पटेल ने 3 और चिंतन गजा ने 4 विकेट लिए। वहीं इस मैच में समद के पास बल्लेबाजी का पूरा मौका था पर उनकी टीम के पांच बल्लेबाज 60 रन के स्कोर पर ही आउट हो गये। वहीं सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे समद से उनकी टीम को बड़ी उम्मीदें थीं. पर वह भी 3 गेंदों में ही 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। समद को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2020 के आईपीएल सत्र की नीलामी में खरीदा था। उन्हें सनराइजर्स ने 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर ही अपने साथ जोड़ा था पर हैदराबाद ने उन्हें 20 गुना कीमत देकर 4 करोड़ की मोटी कीमत में अपने साथ जोड़ा है। समद ने अभी तक आईपीएल में 23 मैच खेले हैं, जिसमें इन्होंने 146 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए हैं।

विलियमसन अगले दो माह तक नहीं खेल पायेंगे : कोच

फरवरी में दक्षिण अफ्रीका दौरे से करेंगे

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि कप्तान केन विलियमसन चोटिल होने के कारण अगले दो माह तक नहीं खेलेंगे। स्टीड ने कहा कि विलियमसन की कोहनी में चोट लगी है और इस वजह से वह खेल से दूर हैं। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि कीवी कप्तान फरवरी से पहले मैच फिट नहीं हो पायेंगे। ऐसे में उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 17 फरवरी से शुरू होने वाली 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से वह खेल में वापसी कर सकते हैं। इससे पहले बांग्लादेश ओर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज में वह नहीं रहेंगे। कोच के अनुसार केन को पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम 8 या 9 सप्ताह का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उन्हें सर्जरी न करानी पड़े। स्टीड ने कप्तान के चोट के बारे में कहा, '' केन जल्दी स्वस्थ हो जायेंगे। पिछली बार वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद उन्हें इसी प्रकार की चोट से उबरने में आठ से नौ सप्ताह का समय लगा था।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस बार फिर से उतना ही समय लगेगा। हम इस समय कोई समय सीमा तय करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।' न्यूजीलैंड एक जनवरी से अपनी धरती पर शुरू होने वाले दो मैचों की टेस्ट मैच की श्रृंखला में बांग्लादेश का सामना करेगा जिसमें विलियमसन नहीं रहेंगे। टीम इसके बाद तीन एकदिवसीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए 30 जनवरी से आठ फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी, इसमें भी उसे केन के बिना ही उतरना होगा। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होगी जिससे वह वापसी कर सकते हैं।

एशेज सीरीज : इंग्लैंड की पहली पारी 147 पर सिमटी

पिता की याद में काली पट्टी बांधकर बल्लेबाजी के लिए उतरे स्टोक्स

गाबा । इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज से पांच महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। मानसिक सेहत ठीक नहीं होने के कारण वह पिछले पांच माह से खेल से दूर थे। स्टोक्स यहां गाबा के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए उतरे। इस दौरान उन्होंने अपने पिता दिवंगत गेड स्टोकस की याद में अपनी बांह में काली पट्टी बांधी हुई थी। स्टोक्स की इस काली पट्टी पर 568 लिखा हुआ था क्योंकि गेड स्टोक्स न्यूजीलैंड के रग्बी खिलाड़ी थे और उनकी कैप का नंबर 568 था। स्टोक्स के लिए वापसी हालांकि अच्छी नहीं रही और वह केवल पांच रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का शिकार बने। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान जो रुट का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला भी गलत साबित हुआ। टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी और अपनी पहली पारी में 147 रनों पर ही सिमट गयी। बारिश और खराब मौसम के कारण भी खेल में बाधा आई। मैदान गीला होने के कारण तीसरे सत्र का खेल नहीं हो पाया

कमिंस ने कुल 38 रन देकर पांच विकेट लिये। वहीं। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने दो-दो जबकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड के केवल चार बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। केवल जोस बटलर ने 39 और ओली पोप ने 35 रन रन बनाये। कप्तान जो रुट और सलामी बल्लेबाज रॉरी बर्न्स अपना खाता तक नहीं खोल पाये। इंग्लैंड की पारी समाप्त होने के बाद टी ब्रेक ले लिया गया, लेकिन इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। अंपायरों ने खराब मौसम के कारण समय से पहले ही खेल समाप्त करने की घोषणा कर दी।

व्यापार न्यूज

रुपया डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में

मुंबई । कोरोना वायरस के नये स्वरूप के अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताओं के बीच कमजोर घरेलू शेयर बाजार और मजबूत अमेरिकी डॉलर की वजह से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 75.45 पर खुला। इसने शुरुआती बढ़त को गंवा दिया और शुरुआती सौदों में 75.53 के निचले स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो महीने के निचले स्तर 75.50 पर गिर गया था। ऐसा रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के विदेशी मुद्रा बाजार सहभागियों को उत्साहित करने में नाकाम रहने की वजह से हुआ। बुधवार को पेश भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखते हुए उदार रुख जारी रखने का फैसला किया गया था। इस बीच छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 95.97 पर पहुंच गया।

बलेनो की 10 लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा पार

नई दिल्ली । देश की प्रमुख कार बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसकी प्रीमियम हैचबैक बलेनो ने 10 लाख इकाई की कुल बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने एक बयान में कहा ?कि अक्टूबर 2015 में पेश किए गए और कंपनी की प्रीमियम खुदरा चेन नेक्सा के माध्यम से बेचे जाने वाले मॉडल ने नवंबर 2018 में कुल पांच लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया था और इस साल नवंबर में इसने 10 लाख इकाई का मुकाम हासिल कर लिया। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक विपणन और बिक्री शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पेश किए जाने के बाद से बलेनो प्रीमियम हैचबैक वर्ग में सबसे आगे रही है और इसने 25 प्रतिशत से अधिक की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताया कि यह मॉडल भविष्य में और नई ऊंचाइयां छुएगा। बलेनो कार 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन से लैस है और यह ग्राहकों को सुजुकी की स्मार्ट हाइब्रिड तकनीक का विकल्प प्रदान करती है। देश के 248 शहरों में स्थित नेक्सा के 399 आउटलेट के माध्यम से इसकी बिक्री की जाती है।

नवंबर में यात्री वाहनों की बिक्री में 19 फीसदी घटी

मुंबई । ऑटोमोबाइल की रिटेल सेल्स नवंबर में तीन फीसदी की कमी आई। ऑटोमोबाइल डीलरों की एक निकाय ने बताया कि चिप की कमी और दक्षिण भारत में भारी बारिश ने यात्री वाहन और दोपहिया वाहन सहित विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की बिक्री को प्रभावित किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में कुल ऑटो सेल्स का रजिस्ट्रेशन 18,17,600 यूनिट रहा, जो कि पिछले साल की समान अवधि से 2.7 फीसदी कम है। नवंबर 2020 में यह आंकड़ा 18,68,068 यूनिट था। नवंबर 2021 में यात्री वाहन की 2,40,234 यूनिट की बिक्री हुई, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 2,98,213 यूनिट से 19.44 फीसदी कम है। इसी तरह पिछले महीने दोपहिया वाहनों की ?बिक्री भी गिरकर 12,33,855 यूनिट हो गई। नवंबर, 2020 में यह 14,44,762 यूनिट थी। नवंबर 2020 में बिके 50,180 यूनिट ट्रैक्टर के मुकाबले इस साल केवल 45,629 यूनिट ट्रैक्टर ही बिके।

बाजार में तेज शुरुआत के बाद गिरावट

सेंसेक्स 58,600 और निफ्टी 17,450 के स्तर पर

मुंबई । निवेशकों के जोखिम वाली संपत्तियों के बेचने के साथ गुरुवार को शुरुआती सत्र में सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के साथ खुला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 200 अंक से अधिक की तेजी के साथ खुला, लेकिन खुलने के बाद जल्द ही नकारात्मक हो गया और शुरुआती सौदों में 38.52 अंक की गिरावट के साथ 58,611.16 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 17.60 अंक की गिरावट के साथ 17,452.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ सबसे ज्यादा लाभ में रहे। इसके बाद डॉ रेड्डीज, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और एचडीएफसी के शेयरों का स्थान रहा। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टीसीएस और टाइटन के शेयर घाटे में चल रहे थे। पिछले सत्र में 30 शेयरों वाला सूचकांक 1,016.03 अंक बढ़कर 58,649.68 पर

और निफ्टी 293.05 अंक चढ़कर 17,469.75 पर बंद हुआ था। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता बने रहे और उन्होंने बुधवार को 579.27 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। एशिया के दूसरे प्रमुख शेयर बाजारों में शंघाई, सियोल और हांगकांग मध्य सत्र सौदों में लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि टोक्यो नुकसान में था।

एशियाई बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार

मुंबई । एशियाई बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएक्स निफ्टी 79.00 अंक की बढ़त दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 28,818.53 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 0.36 फीसदी की बढ़त दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 0.19 फीसदी चढ़कर 17,865.63 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 0.83 फीसदी की बढ़त के साथ 24,195.12 के स्तर पर नजर आ रहा है। कोस्पी में 0.55 फीसदी की बढ़त देखने को मिल रही है। वहीं शंघाई कम्पोजिट 0.42 फीसदी की बढ़त के साथ 3,652.91 के स्तर पर दिख रहा है।

बिना इंटरनेट कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि डेबिट-क्रेडिट कार्ड्स, वॉलेट्स और यूपीआई जैसे पेमेंट्स सिस्टम को लेकर जल्द ही एक डिस्कशन पेपर जारी किया जाएगा। डिजिटल पेमेंट को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए फीचर फोन आधारित यूपीआई सिस्टम पेमेंट सिस्टम तैयार किया जाएगा यानी कि आप बिना इंटरनेट के भी यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इसी तरह रिटेल ब्रायरेक्ट जीसीक और आईपीओ में यूपीआई से पेमेंट करने की लिमिट 2 से बढ़ाकर 3 लाख किया जाएगी। इस सुविधा के जरिए फीचर फोन उपयोगकर्ता अपने बैंक अकाउंट्स, डेबिट कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल फोन नंबर से जुड़ा एक ऑथेंटिकेशन पिन जनरेट करके मर्चेंट पेमेंट के साथ-साथ पीयर-टू-पीयर ट्रांजेक्शन लेनदेन करने में सक्षम होंगे। एनपीसीआई की नई रिपोर्ट के अनुसार यह यूपीआई पिन जनरेट करने के लिए उपयोग की जाने वाली विधि के समान है। इसके अलावा फीचर फोन उपयोगकर्ता एक सामान्य डायल-इन सेवा के माध्यम से ऑथेंटिकेशन पिन का उत्पादन करने में सक्षम होंगे, जिसे एनपीसीआई द्वारा संचालित किया जा सकता है। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) एक डिजिटल पेमेंट का तरीका है जो मोबाइल ऐप के जरिए काम करता है। इस ऐप के जरिए सुरक्षित तरीके से पेमेंट कर सकते हैं। अगर पैसा फंस भी जाए तो बैंक खाते में रिफंड हो जाता है। यूपीआई के जरिए हर तरह के बिलों का भुगतान, ऑनलाइन फंड ट्रांसफर और रिश्तेदार या दोस्तों को पैसे भी भेज सकते हैं। इसके लिए आपको अपने मोबाइल फोन में ऐप डाउनलोड करना होगा और मोबाइल नंबर बैंक खाते से लिंक होना चाहिए।

सोना महंगा, चांदी में मामूली तेजी

नई दिल्ली । एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने की कीमत में गुरुवार को बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.11 फीसदी की तेजी आई। इसके साथ दस ग्राम सोने का भाव 48,107 रुपए हो गया है। वहीं चांदी की चमक भी बढ़ी है। इसका दाम मामूली 0.01 फीसदी चढ़कर 61,628 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। आपको बता दें कि उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण पूरे देश में सोने की कीमत अलग-अलग होती है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

पेट्रोल और डीजल की कीमत नहीं बदली

मुंबई । पेट्रोल और डीजल के रेट के लिहाज से गुरुवार को भी राहत भरा दिन रहा। गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की नई कीमत जारी कर दी गई है ले?किन दाम में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। देश में अभी सबसे महंगा पेट्रोल गंगानगर में 112.11 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है जबकि सबसे सस्ता पेट्रोल 82.96 रुपए प्रति लीटर के भाव से पोर्टब्लेयर में बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 86.67 रुपए प्रति लीटर है। इसी तरह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 109.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.79 रुपए प्रति लीटर है।

लेह-लद्दाख जाना हो जाएगा महंगा, चुकाना पड़ सकता है टोल

बीआरओ केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की चार सड़कों पर टोल प्लाजा लगाएगा

नई दिल्ली । बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) सिविलियन ट्रैफिक से टोल वसूलने की योजना बना रहा है। बीआरओ रक्षा मंत्रालय के अंडर आता है। इसे चीन और पाकिस्तान से लगते सीमावर्ती राज्यों में सड़कें बनाने की जिम्मेदारी मिली है। बीआरओ की योजना केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की चार सड़कों पर टोल वसूलने की है। इन सड़कों की कुल लंबाई 941 किमी है। इनमें लेह-श्रीनगर हाइवे और नुब्रा घाटी से गुजरने वाली वह सड़क शामिल है जो लेह को चालुंका से जोड़ती है। इसके पश्चिम में पाकिस्तान का चोरबट और उत्तर में सियाचिन है। इन सड़कों पर छह स्थानों पर टोल प्लाजा लगाने की योजना है। बीआरओ ने इस संबंध में क्लीयरेंस के लिए लद्दाख के ट्रांसपोर्ट सेक्रटरी सौगत बिस्वास को एक पत्र लिखा है। इसके मुताबिक एजेंसी छह टोल प्लाजा स्थापित करना चाहती है। इसका मकसद राजस्व जुटाना है। कारगिल हिल काउंसिल के प्रमुख फिरोज खान और सामाजिक कार्यकर्ता सज्जाद कारगिली ने इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि टोल कलेक्शन की अनुमति देने से पहले इस पर विचार विमर्श होना चाहिए। ये सड़कें स्थानीय लोगों की लाइफलाइन हैं और इनमें बाहर से भी काफी ट्रैफिक आता है। जून से सितंबर के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से इन सड़कों पर ट्रैफिक काफी बढ़ जाता है। लेकिन सर्दियों के दौरान इन पर ज्यादातर लोकल ट्रैफिक ही रहता है।

बीआरओ की सड़कों से सीमावर्ती इलाकों में सेना और उसके साजोसामान को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। साथ ही इससे देश के दूरदराज के इलाकों में आर्थिक प्रगति में भी तेजी आई है। बीआरओ की योजना श्रीनगर-लेह हाइवे पर तीन स्थानों पर टोल वसूलने की है। यह जोजिला पास से गुजरता है जहां अभी सुरंग बनाने का काम चल रहा है। बीआरओ मीनामर्ग, मुलबेथ और निम्मू में टोल प्लाजा बनाना चाहता है। इसी तरह निम्मू से हिमाचल प्रदेश के दारचा को जोड़ने वाली सड़क पर पदम पर टोल प्लाजा बनाने का प्रस्ताव है। लेह-चालुंका रोड पर खलसर और खालत्से-बटालिक सड़क पर स्कूबचन पर टोल स्थापित किए जाएंगे।

सहकारिता मंत्री अरविन्द सिंह भदौरिया के सानिध्य में लगाए जा रहे नेत्र शिविर, सुरपुरा में 300 लोगों ने कराया अपना परीक्षण

66 लोगों के और होंगे ऑपरेशन

भिण्ड। मध्यप्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक प्रबंधन कैबिनेट मंत्री एवं अटेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ.अरविंद सिंह भदौरिया के सानिध्य में जनसेवा भाव के संकल्प के तहत नेत्र शिविर लगवाएं जा रहे हैं। इसी क्रम में अब ग्राम पंचायत सुरपुरा शासकीय चिकित्सालय परिसर में शिविर लगाया गया। उक्त शिविर में लोगों के पंजीयन हुए जिसमें 300 लोगों को चिन्हित किया गया हैं जिसमें 66 लोगों को ऑपरेशन के लिए ग्वालियर बस द्वारा पहुंचाए गए हैं आंखों का परीक्षण कराने के लिए सुरपुरा क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के मरीज पहुंचे जहां नेत्र विशेषज्ञों द्वारा उन्हें काला पानी मोतियाबिंद के सही इलाज की सलाह दी गई और निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया । सहकारिता मंत्री अरविन्द भदौरिया के सानिध्य में गरीब, असहाय लोगों की आंखों का परीक्षण कराकर उनका ग्वालियर में निशुल्क ऑपरेशन डॉ. भसीन के मार्गदर्शन में रत्नज्योति चैरिटीबल फाउण्डेशन ग्वालियर में कराए जा रहे हैं। उक्त नेत्र शिविर सहकारिता मंत्री अरविन्द भदौरिया के बडे भाई समाजसेवी देवेन्द्र सिंह भदौरिया की देखरेख में सुरपुरा क्षेत्र में तथा अब ग्राम पंचायत में अगली 10 वी नेत्र शिविर आयोजित किए जा चुके हैं जिनमें काफी लोगों में उत्साह दिखाई दिया।

निशुल्क नेत्र शिविर में चिन्हित ऑपरेशन कर्ताओं को सहकारिता मंत्री के भाई देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बस के द्वारा उन्हें ग्वालियर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सालय डॉ.भसीन के रतनज्योति नेत्र चिकित्सालय में पहुंचाया जा रहा हैं जहां पूर्ण रूप से लोगों का ऑपरेशन किया जा रहा हैं और शेष ऑपरेशन जारी हैंए जिनकी पूरी देखरेख वह स्वयं कर रहे हैं जिनके लिए दवाई, भोजन, वाहन के साथ पूरी व्यवस्थाऐं पूर्ण रूप से संचालित की गई हैं।

जनसेवा करना ही हमारा लक्ष्यः अरविन्द भदौरिया

मध्यप्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री अटेर विधायक अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि जनसेवा करना ही हमारा अंतिम उद्देश्य है, ऐसे नेत्र शिविरों के माध्यम से जनता की सेवा करना यह मेरा लक्ष्य हैए आगे भी इसी प्रकार के नेत्र शिविर लगातार आयोजित किये जायेंगेए क्षेत्र के गरीबए किसानए मजदूर एवं गरीब तबकों के लोग आर्थिक अभाव के कारण अपनी आंखों का ऑपरेशन नहीं करा पातेए ऐसे लोंगों के लिए हमारा परिवार हमेशा तत्पर तैयार रहकर सेवा करता है। ऐसे लोंगों की आंखों में रोशनी देना सबसे बडा पुण्य कार्य है। इसी के तहत क्षेत्र के सुरपुराए पिथनपुरा और अटेर में नेत्र शिविर आयोजित किये जायेंगे और योग्य नेत्र विशेषज्ञों द्वारा उनका परीक्षण किया जायेगा।

जेल में कैदी की बिगड़ी तबीयत इलाज के दौरान मौत, परिजन ने पुलिस पर लगाया मारपीट कर हत्या का आरोप

शराब की तस्करी के आरोप में पकड़ा था ऊमरी पुलिस ने युवक, न्यायालय में पेश कर भेज दिया था जेल

भिण्ड। गोहद में उप जेल में बंद शराब तस्करी के आरोपी की तबियत बिगड़ी। कैदी को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, यहां हालत गंभीर होती देख चिकित्सकों ने ग्वालियर रेफर किया। रास्ते में कैदी की मौत हो गई। जिसकी सूचना परिजनों व वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। शव का पीएम कराकर पुलिस परिजनों के सुपुंद कर दिया है वहीं परिजनों आरोप लगाया है कि जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था तब वह पूरी तरह से स्वस्थ्य था और पुलिस ने रात के समय उसके साथ जमकर मारपीट की जिसके कारण उसकी तबियत बिगड़ गई और इसी हालत में उसे जेल भेज दिया। वहीं पुलिस तर्क दे रही है कि उसकी जेल के अंदर अचानक तबियत खराब होने से उसकी मौत हुई है। परिजनों वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है, जिस पर पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया है। फिलहाल गोहद थाना पुलिस ने मामले शव को परिजनो को सुपुंद कर जांच शुरू कर दी।

यह है पूरा मामला

पुलिस के अनुसार उमरी थाना पुलिस ने दो दिन पहले शराब तस्करी के आरोप में अकाह के रहने वाले आरोपी बृजेंद्र पुत्र बहादुर सिंह जाटव (38) को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश कर 7 दिसंबर को जेल भेजा था। बुधवार की रात की कैदी की अचानक तबियत खराब हो गई। उप जेल गोहद से कैदी को उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र गोहद लाया गया। इस दौरान कैदी का स्वास्थ्य जांच बीएमओ डॉ आलोक शर्मा ने किया। कैदी की हालत गंभीर देखते हुए बीएमओ शर्मा ने ग्वालियर रेफर कर दिया। जेल पुलिस कैदी को गोहद से ग्वालियर ले जा रही थी, तभी उसकी मौत हो गई। यह बात की खबर प्रशासनिक अफसरों और पुलिस विभाग को दी गई। पुलिस विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दी जा चुकी है। मृतक का पीएम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा।

हत्या समेत 8 अपराध दर्ज

मृतक बृजेंद्र सिंह उमरी थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश था। मृतक का आपराधिक रिकॉर्ड है। उमरी थाना क्षेत्र में यह बदमाश 11 साल से सक्रिय था। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2000 में बृजेंद्र सबसे पहले शराब तस्करी के मामले में पकड़ा था। इसके बाद वर्ष 2015 में उमरी में हत्या का आरोपी बना। इस तरह से पांच मामले शराब तस्करी, एक हत्या व अन्य मामलों में आरोपी था।

आरिफ मसूद के जन्मदिन पर मरीजों को किए फल वितरित

भिण्ड। गोहद भोपाल से विधायक आरिफ मसूद के जन्मदिन के अवसर पर आरिफ मसूद फैस क्लब बहुत द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना उनके समर्थकों ने की इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा सलीम वक्स कमल प्रताप सिंह तोमर नवल बैरया तहसील साह पिंकी ऊंचाडीया अब्दुल रिजवान जावेद पठान आरिफ खान प्रदीप नागर फिरोज शाह इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

भिण्ड । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 11 दिसम्बर, 2021 की सफलता हेतु प्रचार वाहन के द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के द्वारा प्रचार वाहन को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस प्रचार वाहन के साथ नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने एवं आमजनो को नेशनल लोक अदालत की जानकारी हेतु पैम्पलेट्स वितरित किये जाने के लिए पैरालीगल वालेंटियर्स को भी नियुक्त किया गया है। उक्त आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का विभिन्न माध्यमों से संपूर्ण जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

भिण्ड। पावई थाना क्षेत्र के भईया ईट भट्टा के पास मंसूरी रोड होते हुए बाइक से एक युवक जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस घायल को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 8 बजे अजय सिंह पुत्र मंशाराम बघेल उम्र 40 वर्ष निवासी सौरा ने बताया वह बाइक से क्षेत्र के मंसूरी रोड भईया ईंट भट्टा के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया और डॉक्टरों ने उसकी नब्ज टटोलकर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के शासकीय क्वार्टर कैंपस में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह 10 बजे कैलाशनारायण पुत्र मनमौजी लाल शर्मा निवासी पुरानी गल्ला मण्डी ने बताया उसी गांव निवासी रामवीर जादौन निवासी वाटर वर्क्स ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

315 बोर का कट्टा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास दो युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से एक कट्टा व जिंदा राउंड जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात 10.30 बजे राघवेन्द्र भदौरिया, निखिल श्रीवास निवासीगण सौंधा थाना गोरमी क्षेत्र के बस स्टैंड गोहद चौराहा पर किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था, सूचना मिलते ही उसे हिरासत में लिया और आरोपी के पास से एक 315 बोर कट्टा सहित तीन जिंदा राउंड जब्त किये। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पंचायत निर्वाचन हेतु स्टेडिंग समिति की बैठक सम्पन्न

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में पंचायत निर्वाचन हेतु स्टैंडिंग समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश बड़ोले सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

सूने घर को निशाना बनाने आए बदमाशों को रोका तो शुरू कर दी फायरिंग, पड़ोसियों ने की मदद

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के मानकपुरा गांव में हथियार बंद बदमाश मानकपुरा गांव में वारदात की नीयत से आए। बदमाशों ने सबसे पहले एक सूने घर को निशाना बनाया। जब गांव वालों ने बदमाशों को टोका तो उन्होंने फायरिंग की। इस पर गांव वालों की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों ओर से 7-8 राउंड फायर हुए। जानकारी के मुताबिक मानकपुरा में रहने वाले दिनेश पांडेय ग्वालियर में रहकर पूजा-पाठ करते है। इधर गांव में ताला डाला हुआ था। गांव में रात करीब 1 बजे पांच से छह हथियार बंद बदमाश गांव में आ गए। उन्होंने दिनेश पांडेय के सूने घर पर निशाना साधा और ताला तोड़ते हुए घर-गृहस्थी का सामान समेटने लगे। दिनेश के पड़ोस में उनके चाचा कमलेश रहते है। घर में तेज आवाजों को सुनकर चाचा ने टोका तो बदमाशों ने हथियार से फायरिंग कर दी। यह बंदूक से गोली की आवाज को सुनकर पास में रहने वाले जाटव समाज और ब्राह्मण समाज के लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने अपनी-अपनी छतों पर चढ़कर फायरिंग की। इस दौरान बदमाश भी फायरिंग करते हुए भाग निकले। दिनेश पांडेय के मुताबिक सुबह जब लोगों ने जाकर देखा तो घर गृहस्थी का सामान गायब था। गांव के लोगों ने मुझे सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई है। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने 108 को भी सूचना दी तो परंतु रिस्पांस नहीं मिला। गांव के लोग दोपहर पश्चात मेहगांव थाना पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

कलेक्टर एवं एसपी ने भिण्ड एवं अटेर हेतु बनाए गए स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं नवागत पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने भिण्ड पंचायत निर्वाचन हेतु एमजेएस कॉलेज एवं अटेर पंचायत निर्वाचन हेतु आईटीआई में बनाए गए स्ट्रॉग रूम में ईव्हीएम व मतपत्र पेटी के स्ट्रॉग रूम, मतगणना सामग्री वितरण स्थल, पंचायत वार प्रस्तावित मतगणना कक्ष, ऑब्जर्वर कक्ष, मीडिया कक्ष, शौचालय, पेयजल, वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा के लिए कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना कक्षों में प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं व मतगणाना कर्मियों के लिए प्रस्तावित पृथक-पृथक प्रवेश व्यवस्था का अवलोकन भी किया। साथ ही उन्होंने स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्ट्रॉग रूम में देखी गई खामियों में सुधार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का पालन करते हुए मतदान सामग्री वितरण और मतगणना व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्षों तक ईव्हीएम, मतपत्रों को पहुंचाने के लिए पृथक से सुरक्षित गैलरी बनाई जाए। उन्होंने निर्वाचन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

ईपीएस पेंशनरों का लखनऊ कूच 19 को : बौहरे

बद्रीप्रसाद की बगिया में अल्प पेंशनरों की बैठक संपन्न

भिण्ड। ईपीएस-95 पेंशनर्स ने न्यूनतम पेंशन वृद्धि के लिए अब आक्रामक आंदोलन की तैयारी कर ली है 19 दिसंबर को लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के विभिन्न राज्यों से आने वाले पेंशनर्स इकट्ठा होकर भविष्य के आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे जिसमें भिंड जिले से सैकड़ों की संख्या में अल्प पेंशनधारी भाग लेंगे गुरुवार को बद्री प्रसाद की बगिया में आयोजित बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष बीके बोहरे ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक राउत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री वित्त मंत्री श्रम मंत्री से मुलाकात कर पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराया है लेकिन अब तक कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आये हैं जिस कारण देशभर के 67 लाख अल्प पेशनधारकों में भारी रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि न्यूनतम पेंशन रुपये 7500+मंहगाई भत्ता सहित अन्य मांगों को पूरी किये जाने को लेकर अल्प पेंशनर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। उक्त बैठक में राजेश तोमर रामसिया डंडोतिया राधेश्याम शर्मा बीड़ी दांतरे तुलसीराम सुभाष भदौरिया महेंद्र सिंह कुशवाह प्रद्युम्न पांडे राम प्रकाश शर्मा सहित तमाम पेंशनर्स मौजूद रहे।

चीन की हरकत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ताकतवर टेबल पर भारत की मौजूदगी भी चीन को खटक रही है। अलग-अलग तरीकों से भारत की राह में रोड़ा खड़ा करने का प्रयास चीन कर रहा है। ताजा कवायद में आतंकवाद के मुद्दे पर चीन का एक बार फिर से दोहरा मापदंड सामने आया है। चीन-भारत और रूस के बीच पिछले दिनों हुई वर्चुअल बैठक के प्रेस नोट से चीन ने जैश व लश्कर जैसे पाकिस्तानी आतंकी संगठनों का जिक्र ही हटा दिया। जबकि ये दोनों आतंकी संगठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित किए गए हैं। अब भारत ने रूस के साथ होने जा रहे सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान दोनों को बेनकाब करने की तैयारी कर ली है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के भारत आगमन से पहले भारतीय अधिकारी इस पर रणनीति भी तैयार कर रहे हैं और पाकिस्तान द्वारा संचालित आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने के लिए ठोस रणनीति बनाने की तैयारी में हैं। इसके तहत भारत केंद्रित आतंकी संगठनों को पूरी तरह खत्म करने का मसौदा तैयार किया जाएगा। रूस हमेशा से ही भारत में आंतकी घटनाओं के प्रति चिंतित रहा है। इसलिए दोनों देश इस पर कोई नई रणनीति तैयार कर सकते हैं। जैश और लश्कर को बचाने की चीन की रणनीति नई नहीं है। वह कई मौकों पर ऐसा कर चुका है। मसूद अजहर पुलवामा हमले का मास्टर माइंड है और फिलहाल पाकिस्तान में है।सवाल यह है कि आखिर चीन को कुख्यात आतंकी अजहर से इतना प्यार क्यों है कि वह दुनिया के कई बड़े देशों की नाराजगी मोल ले कर भी अजहर का रक्षाकवच बना हुआ है। जवाब यह है कि चीन भारत को अपना प्रतिद्वंदी मानता है और जो भी तत्व भारत के लिए सिरदर्द साबित होते हैं उनकी मदद कर रहा है। वह भारत से सीधे कोई दुश्मनी मोल लेने से बचना चाहता है मगर पाकिस्तान की मदद भी कर रहा है, उसे बचा रहा है जो सीधे भारत में दहशत फैला रहा है। इस मामले में उसके हथियार हैं आतंकवादी संगठन। चीन ऐसे ही अजहर मसूद का बचाव कर रहा है। वैसे उसके लिए यह नई बात नहीं है। भारत के उत्तर पूर्व में वह पहले भी कई आतंकवादी संगठनों की मदद करता रहा है। पिछले कुछ समय से चीन की पाकिस्तान के साथ मित्रता नई ऊंचाइयों को छूती जा रही है। इस दोस्ती के गहराने की वजह है चीन पाकिस्तान आर्थिक कोरिडोर। इस योजना पर 46 बिलियन डॉलर की विशाल पूंजी लग रही है। अजहर ने इस परियोजना कि कभी खिलाफत नहीं की। अजहर के तालिबान से भी अच्छे संबंध है उन्होंने ने भी परियोजना का विरोध नहीं किया। इस कारण परियोजना सुरक्षित है। इस क्षेत्र में जैश का खासा दबदबा है। चीन को आशंका है कि अगर उसने मसूद का समर्थन नहीं किया तो उसकी इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खतरा पैदा हो सकता है। चीन को डर है कि यदि अजहर पर पाबंदी लगी तो यह कॉरिडोर और यहां काम करनेवाले चीनी नागरिक जैश के आतंकियों का निशाना बन सकते हैं। चीन ने मसूद अजहर को अपनी एक अंदरूनी समस्या को भी हल करने की कोशिश में लगाया हुआ है। मसूद अजहर चीन की कम्यूनिस्ट सरकार द्वारा उत्तरी-पश्चिमी राज्य शिंजियांग में फैले अलगाववाद और इस्लामिक आतंकवाद को खत्म करने में भी उसकी मदद कर रहा है। चीन सरकार ने मुस्लिम बहुल शिनजियांग को एक तरह से %नजरबंदी शिविर' में तब्दील कर दिया है। चीन के उइगर प्रांत में लगभग दस लाख मुसलमानों को जेल में बंद करके रखा हुआ है और 20 लाख को पकड़ कर उनका रिएजुकेशन किया जा रहा है याने इस्लाम-विरोधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लगभग सवा करोड़ उइगर मुसलमान चीन के शिनजियांग प्रांत में रहते हैं।

किसान आय बढ़ाने को रणनीतिक पहल हो

जयंतीलाल भंडारी

उनतीस नवंबर को शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन किसानों से किए गए वादे के मुताबिक सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने हेतु कृषि कानूनों का निरस्तीकरण विधेयक, 2021 पारित कर दिया। इस विधेयक को पेश करने के पहले कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान किया था। अब उसी के अनुरूप शीतकालीन सत्र के पहले दिन तीनों कृषि कानून वापस लिए जा रहे हैं। जब सरकार के साथ विपक्ष भी कानूनों की वापसी के लिए तैयार है, तो फिर इस पर चर्चा का कोई औचित्य नहीं है।

इस समय कृषि कानूनों की वापसी के बाद ऐसे रणनीतिक प्रयासों की जरूरत है, जिससे किसानों की आय बढ़ सके। खासतौर से छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो सकें। ऐसे में किसानों की आय बढ़ाने के विभिन्न महत्वपूर्ण रणनीतिक आधारों पर ध्यान दिया जाना होगा। यह बात महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कृषि को प्रभावी बनाने, विकास की नयी रणनीति और जीरो बजट खेती की तरफ प्रभावी कदम बढ़ाने के लिए एक कमेटी के गठन का फैसला भी किया है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, देश की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर क्रॉप पैटर्न के वैज्ञानिक तरीके, एमएसपी को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए नयी कमेटी द्वारा प्रभावी निर्णय लिए जाने की बात कही। निःसंदेह कृषि संबंधी मसलों के समाधान के लिए समिति बनाने के सरकार के फैसले से किसानों की मुश्किलों को दूर करने में मदद मिलेगी। इससे सरकार को किसानों की आय के स्तर को बढ़ाने के लिए पर्याप्त कृषि नीति बनाने में मदद मिलेगी।

अब स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसपी पर गारंटी कानून बना दिया जाए, तब भी इसे पूरा करना संभव नहीं है। हरित क्रांति के दौरान किसानों को गेहूं उगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एमएसपी की व्यवस्था की गई थी। बाद में इसके तहत चावल व अन्य फसलों को लाया गया। कानून बनने के बाद भी सरकार पूरा अनाज खरीद पाने में सक्षम नहीं होगी। सब्सिडी का ढांचा ढह जाएगा और निजी व्यापारी भी उसे खरीदने के लिए आगे नहीं आएंगे। यदि कोई ऐसा नियम बन भी जाए तो निजी व्यापारी ऐसा करके घाटा उठाने के बजाय अनाज के आयात को प्राथमिकता दे सकते हैं। जहां कृषि क्षेत्र को उभरते बाजार और मांग की परिस्थितियों के साथ भी तालमेल बिठाने की आवश्यकता है, वहीं सरकार को सब्सिडी के लिए विश्व व्यापार संगठन की सीमाओं को भी ध्यान में रखने की जरूरत है।

ऐसे में इस समय एमएसपी पर कानून बनाने से अलग हटकर इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि बिना समर्थन मूल्य के भी किसानों की आमदनी में वृद्धि की जा सकती है। इसके लिए ऊंचे दाम वाली विविध फसलों के उत्पादन को विशेष प्रोत्साहन दिए जा सकते हैं। ये प्रोत्साहन विभिन्न प्रदेशों में अलग-अलग फसलों के लिए अलग-अलग हो सकते हैं। किसानों की आय बढ़ाने का एक अच्छा तरीका किसानों के लिए लागू की गई नकदी हस्तांतरण योजना का विस्तार किया जाना भी हो सकता है।

देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल चलने से छोटे किसानों के कृषि उत्पाद कम ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे पर देश के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रहे हैं। अब और नए रेल रूटों पर किसान रेल से छोटे किसानों को लाभान्वित करने का रणनीति पर आगे बढ़ना होगा। देश के छोटे किसानों की मुट्ठियों में वित्तीय समावेशन की खुशियां तेजी से बढ़ानी होंगी। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पीएम किसान योजना के अंतर्गत अगस्त 2021 तक 11.37 करोड़ किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिये 1.58 लाख करोड़ रुपए जमा किए जा चुके हैं।

निश्चित रूप से अब तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए स्वामित्व योजना को एक नई आर्थिक शक्ति बनाया जा सकता है। विगत 6 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के हरदा में आयोजित स्वामित्व योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होते हुए देश के 3000 गांवों के 1.71 लाख ग्रामीणों को जमीनों के अधिकार पत्र सौंपे। सरकार देश के 6 लाख गांवों में ड्रोन के माध्यम से ग्रामीणों की जमीन का सर्वेक्षण कराकर स्वामित्व योजना को तेजी से बढ़ाने के लिए आगे बढ़ी है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तीकरण और गांवों में नयी खुशहाली की इस महत्वाकांक्षी योजना के सूत्र मध्य प्रदेश के वर्तमान कृषि मंत्री कमल पटेल के द्वारा वर्ष 2008 में उनके राजस्व मंत्री रहते तैयार की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास अधिकार योजना से आगे बढ़ते हुए दिखाई दिए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 2 अक्तूबर 2008 को पटेल के गृह जिले हरदा के दो गांवों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में 1554 भूखंडों के मालिकाना हक के पट्टे ग्रामीण आवास अधिकार पुस्तिका के माध्यम से दोनों गांवों के किसानों को सौंपे गए थे। दोनों गांवों में अनेक लोगों ने अपनी स्वामित्व की जमीन पर बैंकों से सरलतापूर्वक ऋण लेकर छोटे, कुटीर और ग्रामीण उद्योग शुरू किए हैं। इन गांवों में किसानों की आय बढ़ी है। गरीबी व बेकारी कम हुई है।

ऐसे में देशभर के गांवों में स्वामित्व योजना के तेजी से लागू होने से किसानों की गैर कृषि आय बढ़ाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चमकीली स्थिति बनाई जा सकेगी। अब कृषि कानूनों की वापसी के बाद किसानों के लाभान्वित करने एक अच्छा तरीका यह भी हो सकता है कि राज्य सरकारों को नेतृत्व करने दिया जाए। इससे पहले भी केंद्र राज्यों को अलग-अलग स्तर की सफलता के साथ अपने कृषि विपणन कानूनों में सुधार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बार-बार प्रयास कर चुका है। सरकार किसानों को कम मूल्य मिलने की भरपाई के लिए उपयुक्त योजना के साथ सामने आ सकती है। इसके साथ-साथ सरकार सहकारिता या किसान उत्पादकों को मूल्य श्रृंखला में भागीदारी के लिए भी प्रेरित कर सकती है। गेहूं व चावल के अलावा फसलों का विविधीकरण बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। फसल पैटर्न बदलने के तरीके खोजे जाने होंगे।

पिछले पांच वर्षों में 1600 से ज्यादा फसल किस्में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा विकसित की गई हैं। उन्हें छोटे किसानों को उपयोग में दिए जाने हेतु कार्ययोजना बनाई जानी होगी। देश के 80 फीसदी किसानों के पास जीविकोपार्जन के लिए पर्याप्त खेत नहीं हैं। अतएव उनकी गैर कृषि आय बढ़ाने का विकल्प आगे बढ़ाना होगा। सरकार के द्वारा स्थायी राष्ट्रीय कृषि आयोग बनाया जा सकता है, जो किसानों की समस्याओं और उनके समाधान को लगातार सरकार को पहुंचाता रहे। सरकार द्वारा अनुबंध खेती के नियम में मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए बदलाव किया जा सकता है। इसके साथ-साथ किसानों के लिए ऋण बीमा तक पहुंच में सुधार और फसल कटाई के बाद बर्बादी को कम करने के लिए उत्पादकता में सुधार के वास्ते बुनियादी ढांचे की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। किसान उत्पादन संघों को अधिकतम प्रोत्साहन देकर बेहतर भंडारण और विपणन सुविधाएं विकसित की जानी होंगी। इससे सौदे की शक्ति बढ़ेगी और बिचौलियों का दबाव भी कम होगा। कृषि प्रसंस्करण को बढ़ावा जरूरी है।

चैतन्य रहें

एक बार दो देवताओं में विवाद हो गया कि भाग्य बड़ा है या पुरूषार्थ? विवाद हर व्यक्ति के मन में पैदा होता है, चाहे मनुष्य हो, चाहे देवता हो। निश्चित हुआ, परीक्षा करें। एक देवता ने कहा- देखो! भाग्य बड़ा नहीं होता, पुरूषार्थ बड़ा होता है। दूसरे ने कहा- नहीं! उस आदमी को देखो। तुम्हें साक्षात् प्रमाणित करूंगा कि पुरूषार्थ बड़ा नहीं होता, भाग्य बड़ा होता है। पति-पत्नी जा रहे थे। देवता ने रास्ते के बीच रत्नों का ढेर लगा दिया। रत्न ही रत्न बिखेर दिए। जब आस-पास आए, पत्नी ने कहा- अभी तो हमारी आंखे अच्छी हैं, हम देख सकते हैं, हमें सब कुछ दिखाई देता है। कभी ?सा भी हो सकता है कि बुढ़ापा आने के साथ-साथ हमारी आंखें चली जाएं, हम अन्धे हो जाएं। फिर काम कैसे चलेगा? पति ने कहा - परीक्षा कर लें। देखें, कैसे काम चलेगा? दोनों ने आंखों पर पट्टी बांध ली। दोनों चले। जहां रत्न बिखरे हुए पड़े थे, ढेर लगा था आस-पास में, उससे आगे निकल गए। कुछ आगे जाकर पति बोला- आंखो के बिना काम तो चल जाएगा, ?सी कोई बात नहीं है। खोल लो पट्टी। पट्टी खोल ली। देवता ने कहा - देखा तुमने! भाग्य में नहीं था, कुछ नहीं मिला। भाग्य बड़ा है पुरूषार्थ से। भाग्य और पुरूषार्थ की चर्चा को हम छोड़ दें किन्तु इस बात को हम नहीं छोड़ेंगे कि जब तक आंख पर मूर्च्छा की पट्टी बंधी हुई है, तब तक हमारे आस-पास में, हमारे सामने, दाएं-बाएं, चारों तरफ जो सम्पदा बिखरी पड़ी है, उसका हमें कुछ भी पता नहीं चलता। हम उस सम्पदा से अनजान रह जाते हैं।

मध्यप्रदेश में ऊर्जा के नये स्त्रोतों का संरक्षण

निलय श्रीवास्तव

मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है। कभी आप इसे बीमारु राज्य के रूप में जानते रहे होंगे लेकिन आज यह प्रदेश विकास का रोल मॉडल बना हुआ है। बुनियादी सुविधाओं से लबरेज मध्यप्रदेश की विकास की यह कहानी डेढ़ दशक पहले आरम्भ हुयी थी और आज प्रदेश का चप्पा-चप्पा विकास की गाथा सुन रहा है। सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य के साथ ही घटाघोप अंधेरे में रहने वाले मध्यप्रदेश के सैकड़ों गांव अब रोशन हो चुके हैं। विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये बिजली की रोशनी मिल रही है तो किसानों के खेतों में पानी पहुँचाने के लिये बिजली की कोई कमी नहीं है। बिजली की कमी को पूरा करते हुए जिन परियोजनाओं पर काम चल रहा है उससे यह कहने में संकोच नहीं है, सन् 2024 के आते-आते आवश्यकता के अनुरूप बिजली पैदा होने लगेगी और मध्यप्रदेश स्थायी रूप से बिजली संकट से मुक्त हो जाएगा। यह कायापलट शिवराज सिंह सरकार के सुनियोजित प्रयासों के फलस्वरूप ही संभव हुआ है। बिजली उत्पादन और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिये मध्यप्रदेश में काम जिस तेज गति से चल रहा है उससे संकेत मिलते हैं कि अब प्रदेशवासियों को बिजली संकट से पूर्णरूपेण निजात मिल जायेगी। उक्त दिशा में सरकार तो अपना प्रयास कर रही है, यदि जनभागीदारी भी सुनिश्चित हो तो लक्ष्य आसान हो जायेगा। सबका साथ, सबका विकास के सूत्र वाक्य को चरितार्थ करते हुए शिवराज सिंह सरकार ने गांव और गरीबों का ख्याल रखा है ताकि उनके हक की रोशनी कोई छीन न सके।

मध्यप्रदेश में वर्तमान में नवीनीकरणीय और पुनरोपयोगी ऊर्जा के बड़े कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। प्रमुख नगरों और कस्बों में सौर ऊर्जा के महत्व पर ध्यान दिया जा रहा है। आमजन को ऊर्जा के व्यय तथा अपव्यय के प्रति जागरूक करने के अलावा ऊर्जा के पारम्परिक एवं वैकल्पिक साधनों की जानकारी देना भी उतना ही जरुरी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाया जाने वाला ऊर्जा साक्षरता अभियान इस दिशा में अति महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाये जाने का प्रयास किया जायेगा। योजना में अधिक प्रभावशाली परिणाम प्राप्त करने के लिये पहला तथ्य यह है कि सभी के व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण निहित हो। इसे एक अभियान के तहत् हर गांव-शहर में गंभीरतापूर्वक लिया जाये तो हर व्यक्ति सतर्कता से ऊर्जा की बचत कर सकता है। कम लोग जानते होंगे कि मध्यप्रदेश में उपलब्ध कुल बिजली आपूर्ति का 21 प्रतिशत हिस्सा नवकरणीय ऊर्जा से प्राप्त होता है। यहाँ यह भी बताते चलें कि इस वर्ष सितम्बर माह तक लगभग 5100 मेगावाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता की स्थापना की गयी है। इसमें सौर ऊर्जा क्षमता 2432 मेगावाट तथा पवन ऊर्जा क्षमता 2444 मेगावाट है। सौर ऊर्जा का और अधिक उत्पादन करने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश दिनोंदिन आगे बढ़ रहा है। विगत् 25 नवंबर को मध्यप्रदेश के तीन जिलों में सौर ऊर्जा से 1500 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिये भूमि पूजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान की विशेष उपस्थिति में आगर,शाजापुर एवं नीमच में प्रस्तावित 1500 मेगावाट सौर बिजली उत्पादन क्षमता के संयंत्रो और निजी भागीदारी से बिजली उत्पादन की केन्द्र द्वारा बनायी गयी योजना कुसम श्अश् के लिये अनुबंध भी हुआ। भूमिपूजन के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता की 50 प्रतिशत आपूर्ति सौर ऊर्जा से निर्धारित करने का लक्ष्य तय किया है। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान के शब्दों में श्समध्यप्रदेश में प्रतिदिन 22 हजार मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। कोयला तथा पानी पर निर्भरता कम करते हुए सूरज और हवा से भी बिजली उत्पादन का काम तीव्र गति से किया जा रहा है। मार्च 2023 तक आगर, नीमच एवं शाजापुर संयंत्रों में 1500 मेगावाट सौर बिजली पैदा होने लगेगी। हमारे प्रयास के अनुरूप ओंकारेश्वर बांध में तैरने वाला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रीन एनर्जी के संकल्प और स्वपन को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

माफी की राजनीति

सूडोकु नवताल- 5917 ✱✱✱✱☆ मध्यम

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5916 का हल

2	3	8	5	1	9	6	4	7
9	6	4	7	3	8	2	5	1
5	1	7	4	6	2	8	3	9
3	2	5	1	9	7	4	6	8
1	8	9	6	4	3	7	2	5
4	7	6	2	8	5	1	9	3
6	4	3	8	5	1	9	7	2
8	9	2	3	7	4	5	1	6
7	5	1	9	2	6	3	8	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

ओमप्रकाश मेहता

क्या अनुच्छेद-370 का हश्र भी कृषि कानून जैसा होगा...?

कृषि कानूनों की वापसी और उसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से आंदोलनरत् किसानों से माफी मांगना भारतीय राजनीति में अपनी मांगें मनवाने का सशक्त माध्यम बन गया है? क्योंकि अब धरती के स्वर्ग (जम्मू-कश्मीर) से अनुच्छेद-370 सम्बंधी केन्द्र सरकार का फैसला वापस होने की मांग उठाई जा रही है और यदि यही चलता रहा तो पिछले साढ़े सात सालों में मोदी सरकार द्वारा लिए गए सभी अहम फैसलों पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा?

अब यह तो भविष्य बताएगा कि अनुच्छेद-370 समाप्ति का फैसला देश में सत्तारूढ़ भाजपा को कौन सी राह दिखाता है? किंतु जो फिलहाल आसार नजर आ रहे है, उनसे यह अनुमान तो लगाया ही जा सकता है कि धरती का स्वर्ग मौजूदा सरकार व सत्तारूढ़ दल से खुश नहीं है और यदि एक कदम आगे बढ़कर यदि यह कहा जाए कि मोदी सरकार के इस एक फैसले के कारण कश्मीरियों का झुकाव पाकिस्तान की ओर बढ़ा है तो कतई गलत नहीं होगा।

करीब ढ़ाई साल पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को देश के अन्य राज्यों के मुकाबले विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद-370 को वापस लिया था और उसके बाद कश्मीर के सर्वदलीय नेताओं को दिल्ली बुलाकर उनके साथ बैठक भी की थी, जिसमें नेताओं ने अपने विरोधी तेवर मोदी जी को दिखा दिए थे, अब स्थिति यह है कि पूरा कश्मीरी आवाम



केन्द्र के इस एक फैसले से काफी खफा है और इसी कारण केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है, किंतु यहां यह भी विचारणीय है कि किसी भी राज्य के विधानसभा चुनाव रोककर वहां राज्यपाल या राष्ट्रपति का शासन कितने दिन रखा जा सकता है? चुनाव तो आपको देर-सवेर करवाना ही पड़ेगें, तब केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा की स्थिति वहां क्या होगी? क्या देश से भाजपा के उन्मूलन की शुरूआत धरती के स्वर्ग से नहीं होगी? यद्यपि भाजपा के लिए यह सुखद है कि जम्मू में उसका अच्छा-खासा अस्तित्व कायम है, किंतु कश्मीर में क्या? अनुच्छेद-370 का मामला तो मूलतः कश्मीर से ही जुड़ा है और वहां का आवाम इसी एक कारण से भाजपा व मोदी सरकार से नाराज है।

इसीलिए अभी हाल ही में कश्मीर के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने यह कहते हुए अपने तीखे तेवर दिखा दिए कि ÷किसानों जैसा बलिदान देने पर ही कश्मीर में अनुच्छेद-370 बहाल होगी और उसके लिए कश्मीरियों को भी कुर्बानी देनी होगी।÷ अब इसे फारूख की चेतावनी माना जाए या और कुछ, यह तो फारूख के तेवर ही बता रहे है किंतु यह तय है कि ये तेवर अकेले फारूख अब्दुल्ला के नहीं हर कश्मीरी नेता के है, फिर वे चाहे मेहबूबा मुती हो या उमर अब्दुल्ला.... और चूंकि अब कांग्रेस के उपेक्षित वरिष्ठ कश्मीरी नेता गुलाम नबी आजाद को भी अपनी नई राजनीति की शुरूआत करनी है, इसलिए ऐसे ही मौके पर उन्होंने भी कांग्रेस से बगावत कर अपनी नई तैयारी शुरू कर दी है, कयास लगाये जा रहे है कि वे भी कांग्रेस के सभी उपेक्षित वरिष्ठ नेताओं, विशेषकर जिन्होंने पिछले दिनों कश्मीर में सम्पन्न 'जी-23' सम्मेलन में शिरकत की थी, उन्हें साथ लेकर नई पार्टी की स्थापना कर सकते है और वह पार्टी जम्मू-कश्मीर के मोदी विरोधी दलों के साथ गठबंधन कर जम्मू-कश्मीर के भावी विधानसभा चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती है और सभी दल मिलकर अनुच्छेद-370 की लड़ाई की शुरूआत कर सकते है। यह तो सिर्फ कृषि कानून वापसी के संदर्भ में अनुच्छेद-370 की वापसी की मांग की चर्चा की गई, मोदी सरकार अन्य अहम् फैसलों को लेकर भी कृषि कानून वापसी माध्यम बन सकती है। अब सबसे अहम और बड़ा सवाल यह है कि कश्मीर में अपनी साख पुनः कायम करने के लिए भाजपा व मोदी सरकार क्या करेंगी? और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कब करवाएगी?

हमारी संसद का हाल कैसा है?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

किसी भी देश की संसद उसके लोकतंत्र का ह्रदय होती है। हमारी संसद की ह्रदय गति का क्या हाल है? यदि लोकसभा और राज्यसभा में सदस्यों की उपस्थिति को देखें तो हमारे लोकतंत्र का ह्रदय आधे से भी कम पर काम कर रहा है। अभी-अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सांसदों को काफी खरी-खरी सुनाई थी। उन्होंने सदन में उनकी गैर-हाजिरी पर अपनी नाराजी दो-टूक शब्दों में जाहिर की थी। उन्होंने यह बिल्कुल सही कहा कि यदि आप सदन में हाजिर रहने से कतराएंगे तो यह भी हो सकता है कि आपका इसमें आना ही बंद हो जाए। इस सख्त बयान के बावजूद कल लोकसभा में भाजपा के कितने सदस्य उपस्थित थे? ग्यारह बजे सदन का सत्र शुरु होता है। उस समय भाजपा के सिर्फ 58 सदस्य और नौ मंत्री उपस्थित थे जबकि भाजपा के कुल सदस्यों की संख्या 301 है और मंत्रियों की संख्या 78 है। 543 सदस्यों के इस सदन में दोपहर तक भाजपा के 83 और विपक्ष के 81 सदस्य थे। यह तो हाल है, उस सदन का, जो संप्रभु कहा जाता है याने उसे सर्वशक्तिमान माना जाता है। उसकी शक्ति इतनी ज्यादा है कि वह किसी भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या सर्वोच्च न्यायाधीश को चुटकी बजाते ही हटा सकता है। कोई भी कानून उसकी सहमति के बिना बन नहीं सकता लेकिन कानून बनानेवाले जनता के प्रतिनिधि ही उसकी कीमत नहीं करते तो फिर जो भी सरकार हो, उसे वे मनमानी करने के लिए छुट्टा छोड़ देते हैं। अर्थात सरकार और संसद की लगाम नौकरशाहों के हाथों में चली जाती है, क्योंकि मंत्री लोग तो सांसदों से भी ज्यादा वोट और नोट के धंधे में फंसे रहते हैं। इसी वजह से कई उल्टे-सीधे कानून बन जाते हैं, जिन्हें या तो वापस लेना पड़ता है या उनमें संशोधन करने पड़ते हैं। ब्रिटेन में लोकसभा को निम्न सदन और राज्यसभा को उच्च सदन कहा जाता है लेकिन हमारी राज्यसभा में आजकल जैसी नौटंकी चल रही है, वह 'निम्न' शब्द को भी मात कर रही है। जिन 12 विपक्षी सदस्यों को राज्यसभा से निलंबित किया गया है, उन्होंने पिछले सत्र में कागज फाड़े थे, फाइलें छीनी थीं, माइक तोड़ दिए थे, मेजों पर चढ़कर हल्ला मचाया था और मार्शलों के साथ मार-पीट भी कर डाली थी। अब भी प्रमुख विपक्षी दल राज्यसभा का बहिष्कार कर रहे हैं। उन्हें अध्यक्ष वैंकय्या नायडू ने काफी ठीक सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि निलंबन का फैसला उन्होंने नहीं किया है बल्कि राज्यसभा ने प्रस्ताव पारित करके किया है। इसीलिए बेहतर होगा कि सदन के नेता और विपक्ष के सांसद आपस में बात करके सारे मामले को हल करें।

कांग्रेस की महंगाई हटाओ देश बचाओ रैली में मुरैना से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता

मुरैना। आगामी 12 दिसंबर को जयपुर में होने जा रही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महंगाई हटाओ, देश बचाओ विशाल रैली की तैयारियों को लेकर शहर जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजस्थान जयपुर में होने वाली इस विशाल रैली में मुरैना से सभी कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पार्षद, पूर्व पार्षद, वरिष्ट कांग्रेसजन, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों के नेतृत्व में 300 गाडियों का काफिला 11 दिसम्बर की रात मुरैना से जयपुर के लिए रवाना होगा और कार्यक्रम हजारों कार्यकर्ता शिरकत करेंगें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि आज जिस तरह के देश के हालात है, महंगाई चरम पर है। डीजल- पेट्रोल एवं खाद्य तेल आदि के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार निरंकुश हो चुकी है, ऐसे में मुख्य विपक्ष होने के नाते जनता की आवाज को उठाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा जो कार्यक्रम जयपुर में किया जा रहा है, उसमें सबसे अधिक संख्या में मध्य प्रदेश से पड़ोसी राज्यों ने के कारण हमारी जिम्मेदारी बनती है कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में सबसे अधिक भीड़ पहुंचे और हम सोनिया गांधी एवं कमलनाथ के हाथ मजबूत करें। उक्त बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, मुरैना विधायक राकेश मावई, जिला बार काउंसिल के अध्यक्ष हरि सिंह सिकरवार बाबूजी, वरिष्ठ नेता रक्षपाल सिंह तोमर, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राकेश यादव, सत्यपाल सिंह कुशवाह, सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस मदन शर्मा, प्रवक्ता कौशल पंडित, ब्लॉक अध्यक्ष मुरैना उत्तर विक्रमराज मुदगल, ब्लॉक अध्यक्ष मुरैना दक्षिण अब्दुल रज्जाक पटेल, ब्लॉक कांग्रेस सरायछोला राकेश परमार, हरीश पाठक, रामदास राठौर, अनु दंडोतिया, धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, कुलदीप यादव, नरोत्तम माहोर, अशोक सिकरवार, कमल उपाध्याय, रामू टुंडेलकर, राजेश राठौर, संभर गुर्जर, भैरव बघेल, गजेंद्र सिंधी, कमल उपाध्याय, दिलीप यादव, दुर्गेश रोजे, आकाश रावत, गोपाल दंडोतिया, मनोज शाक्य आदि उपस्थित रहे।

एक वर्ष बीतने के बाद भी 354 छात्र-छात्राओं को नहीं मिल पाए गणवेश

कैलारस। जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय बालक कैलारस, उर्दू कैलारस, खुमान का पुरा, निकाया, धीन कौडा मैं अध्ययनरत 354 छात्र-छात्राओं को आज दिनांक तक गणवेश प्राप्त नहीं हुई है जब कि इस संबंध में जिले से शीघ्र गणवेश देने के आदेश जारी किए जा चुके हैं किंतु आदेशों को दरकिनार करते हुए इन छात्र-छात्राओं को गणवेश प्रदाय नहीं की जा रही है, जो कि चिंता का विषय है। गणवेश ना मिलने से छात्र-छात्राओं एवं पालकों में असंतोष व्याप्त है तथा शिक्षकों को आए दिन गणवेश न मिलने की शिकायत करते हैं व वरिष्ठ कार्यालय को शिकायत करने की भी कहते हैं। शासन एवं प्रशासन को चाहिए कि शेष बचे हुए 4 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को अति शीघ्र निःशुल्क गणवेश प्रदान कराई जावे।

बाजरा खरीदी नहीं होने पर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

मुरैना। भारतीय किसान संघ मध्य भारत प्रांत मुरैना के युवा प्रांत संयोजक सतीश तिवारी ने मुख्यमंत्री के नाम मुरैना कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा है कि समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदी तो शुरू हो गई है, परंतु खरीदी केंद्रों पर किसानों के बाजरे का कलर खराब बताकर बाजरा नहीं खरीदा जा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं और उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री से इस ओर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। श्री तिवारी ने बताया कि किसानों का बाजरा लौटाए जाने से एवं खरीदी केंद्रों पर ना खरीदे जाने के चलते व्यापारी किसानों से ओने पौने भाव पर बाजरा खरीदेंगे, इससे किसानों को आर्थिक क्षति होगी। उन्होंने बताया कि बाजरा की फसल मौसम के उतार-चढ़ाव पर निर्भर होती है, वैसे भी इस बार अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा बाढ़ से किसान बुरी तरह प्रभावित हैं, यदि किसानों का बाजरा समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा गया तो किसान भूखों मरने की कगार पर आ जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

शहर काजी के आदेश का दुरुपयोग कर रहे हैं मौलाना इफ्तिखार

मुरैना। शहर काजी हाजी अशरफ ने साबरी मस्जिद के इमाम मौलाना इफ्तिखार खां पर आरोप लगाया है कि विगत एक वर्ष पहले लिखित रूप से उनके द्वारा दिए गए आदेश का वे गलत ढंग से दुरुपयोग कर रहे हैं जिसमें शहर काजी द्वारा निकाह पढ़ाने के साथ अन्य अधिकार उन्हें दिया गया था। शहर काजी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि साबरी मस्जिद के मौलाना इफ्तिखार खान के उस आदेश को उनके द्वारा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है, जो उन्होंने विगत एक वर्ष पूर्व मौलाना इफ्तिखार को दिया था। शहर काजी ने बताया कि भविष्य में मौलाना इफ्तिखार द्वारा अगर उनके आदेश पर कोई निकाह या जो अधिकार दिए गए थे।

चातुर्मास समाप्ति के 5 माह बाद आचार्य विनम्र सागर ने किया मुरैना की तरफ बिहार

अम्बाह। आचार्य गुरुवर विन्रम सागर जी महाराज का चातुर्मास की समाप्ति के पश्चात गुरुवार को मुरैना की तरफ विहार हो गया, ऐसी संभावना है कि आचार्य श्री जनवरी में धौलपुर में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में आमजन को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरुवार की दोहपर आचार्य विन्रम सागर के जैन बगीची से गमन की सूचना मिलते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु उनके संघ के पीछे-पीछे नम आंखों से विहार करने लगे, इससे पूर्व आचार्य श्री ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि चातुर्मास तो पहले भी हुए हैं। अम्बाह में, लेकिन यह चातुर्मास बहुत ही आनंददायक रहा, धर्म ध्यान हुआ, भक्तांबर शिविर का आयोजन, पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन, पूजन शिविर का आयोजन एवं विनम्र अकैडमी का आयोजन इस चातुर्मास काल में हुआ, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। प्रतिदिन श्रद्धालुओं से आंगन भरा रहता था आज भी आंगन भरा हुआ है, आप इसी तरह धार्मिक वातावरण और धर्म ध्यान में डूबे रहो यही आशीर्वाद है। भगवान के समोसारण को देख कर कोई भी कभी थकता, व्यक्तित्व तो बहुत होते हैं लेकिन अरिहंत परमेष्ठी भगवान को देखते देखते गणधर कभी थकते नहीं है, ऐसा सभी काल में हुआ है, अरिहंत के आगमन के पूर्व भी और उनके जाने के पश्चात भी महाराज श्री ने कहा कि अम्बाह में चातुर्मास हो गया पर अभी चलते समय कोई कह रहा था कि दर्शन तो हो गए बार-बार हो गए पर अभी भी मन नहीं भरा, ईश्वर की भक्ति में अपना मन लगाओ।

मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

मुरैना। मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा का एकीकृत शामावि चम्बलकोलोनी, मुरैना में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाध्यापक एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष उमेश पाठक ने बताया कि आशुतोष शर्मा नवयुवक होने के साथ ही ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी हैं, मुझे खुशी है कि शिक्षकों के संगठन में शिक्षकों का नेतृत्व नवयुवकों के हाथों में आ रहा है। हमारा मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमेशा इन नवयुवकों के साथ है। मुझे विश्वास है कि इन नवयुवकों के आगे आने से शिक्षक सांगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राममूर्ति डंडोतिया, नगरनिगम मुरैना के रमेश कुशवाहा और संस्था के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामप्रकाश सिंह तोमर के अलावा शिक्षक रामनरेश डंडोतिया, वाहिद हुसैन सिद्दीकी, अनिल डंडोतिया, मुरारीलाल कुशवाहा, मनोज शर्मा, श्रीमती नीरू शर्मा, श्रीमती रामप्यारी माहौर, श्रीमती मंजू शर्मा, श्रीमती आशा पराशर, नीलम शर्मा, ममता शर्मा, सरिता शर्मा, श्रीमती चंद्रकांता पाठक आदि उपस्थित रहे।

निःशुल्क मखमली खिलौना बनाना एवं बेचना का प्रशिक्षण संपन्न

मुरैना। सेन्ट ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान मुरैना द्वारा गरीब बेरोजगार महिलाओं को 13 दिवसीय निःशुल्क मखमली खिलौना बनाना एवं बेचना प्रशिक्षण दिया गया था, जिसका समापन गत दिवस किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन निदेशक आर.पी. गर्ग द्वारा किया गया। निदेशक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से संबंधित जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का व्यवसाय पूर्ण मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से करने करें और अपना रोजगार करने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे महिलाऐं प्रशिक्षण पश्चात स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके। यह प्रशिक्षण 35 प्रशिक्षणार्थियों ने प्राप्त किया। इस अवसर पर फैकल्टी रियाज खान, जे.एस. प्रजापति सहायक, श्रीमती संतोषी सेन गेस्ट फैकल्टी मौजूद थे।

बाजरा खरीद शुरू करने की मांग को लेकर किसानों ने किया तहसील पर प्रदर्शन

कैलारस। समर्थन मूल्य पर बाजरा की खरीद शुरू करने की मांग को लेकर किसानों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। बाजरा खरीद की मांग को लेकर किसानों ने तहसील परिसर में इकट्ठे होकर 2 घंटे धरना दिया एवं मांगों को लेकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन तहसीलदार भरत कुमार को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने समर्थन मूल्य पर जल्दी ही खरीद केंद्रों पर खरीद शुरू करने की मांग की। किसानों ने बताया कि सरकार ने बाजरा का समर्थन मूल्य 2250 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है लेकिन खरीद शुरू नहीं होने से किसानों को अपना बाजरा मंडी में 1400 से 1600 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बेचना पड़ रहा है, जिससे किसान की प्रति क्विंटल 650 से 800 रुपये तक लूट हो रही है। सरकार किसान हितैषी होने का नकली दंभ भर कर किसानों को लूटने का काम कर रही है। इस लूट से बचने के लिए किसानों ने तहसील कैलारस पर प्रदर्शन कर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपकर तहसील परिसर पर सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना देने का अल्टीमेटम भी दिया है। इस दौरान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव महेश प्रजापति, नगर सचिव राजेश गुप्ता, किसान सभा के भौरुलाल धाकड़, सुमेर धाकड़ (पूर्व सरपंच), एसएफआई के राजवीर धाकड़, बॉबी धाकड़, एवं रामवीर गजराज, पदम, अमर सिंह, राकेश, रघुराज, महेश, मातादीन, उम्मेद, अनार सिंह, प्रदीप, कन्हैया, मुकेश, ज्ञानेश्वर, अनिल आदि सहित सैकड़ों की संख्या किसान मौजूद रहे।

मांगरोल के लिये नियुक्त बीएलओ निलंबित

मुरैना। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र-03 सबलगढ़ के पत्र द्वारा अवगत कराया कि मतदान केन्द्र क्रमांक-94 मांगरोल के बीएलओ अवदेश मीणा को नियुक्त किया है। अवदेश मीणा द्वारा बीएलओ का चार्ज नही लिया। भारत निर्वाचन आयोग के छोटो निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 कार्यक्रम वर्तमान में प्रचलित है। जिस हेतु 1 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक घर-घर जाकर दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाना था, किंतु मतदान केन्द्र क्रमांक 94 मांगरोल के बीएलओ द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता नही दी। अधिकारियों द्वारा फोन भी किये गये, किंतु फोन रिसीव करना उचित नही समझा।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मुरैना। ग्राम नूराबाद में मंगलवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्याल्य मुरैना में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्राल्य भारत सरकार के अंतर्गत संचाल्ति राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एनएसएस स्वयंसेवक हरिओम ने झंडा दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम नूराबाद में किया। स्वयंसेवक हरिओम ने बताया कि भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। सैनिक किसी भी देश की सबसे बड़ी संपत्ति में से एक होते हैं और वे देश को सुरक्षित और अखंड बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस से भारत के सैनिकों, नौसैनिक और वायु सैनिक के सम्मान के रूप में इस दिन को मनाने की परंपरा बन गई है। सशस्त्र बलों की तीन शाखाओं-भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपने प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती है।

कार से 13 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

मुरैना। सिटी कोतवाली पुलिस ने गत रात्रि बाईपास रोड पर चेकिंग के दौरान एक कार की तलाशी ली तो उस में भारी मात्रा में अवैध शराब भरी पड़ी हुई थी। पुलिस ने कार में बैठे दोनों युवकों को गिरफ्तार कर डेढ़ लाख से अधिक की शराब बरामद कर आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के निर्देशन में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत बुधवार की देर शाम सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शैलेंद्र गोविल को मुखबिर से सूचना मिली के एबी रोड से बाईपास होते हुए एक कार में अवैध शराब भरकर ले जा जा रही है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने 12 फुट हनुमान मंदिर के आगे बाईपास रोड पर चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की तलाशी शुरू की जैसे ही मुखबिर द्वारा बताई गई कार आती दिखाई दी, तो उसे रोक लिया गया। तलाशी लेने पर उसके अंदर 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग एवं मैकडॉवेल कीमती डेढ़ लाख बरामद हुई। पुलिस द्वारा आरोपियों से शराब के संबंध में दस्तावेज मांगे तो नहीं मिले। पुलिस ने कार में सवार दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विक्रम नगर मुरैना का निवासी है जो आदतन अपराधी बताया गया है तो वहीं दूसरा मीरपुर का निवासी बताया गया है। पुलिस द्वारा जप्त की गई कार फोर्ट विस्टा सिल्वर कलर क्रमांक एच आर 06/ पी 9397 कीमत 3 लाख रुपए को जप्त कर आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

हमारो लल्ला कालिया नांग को नथैया: बृजबिहारी जी महाराज

लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

ग्राम बरहा में हाथीवान सरकार के दरबार में पूज्य महाराज गुरुशरण जी महाराज पंडोखर सरकार के सानिध्य में चल रही कथा में भगवताचार्य बृजबिहारी जी महाराज ने भगवान के बाल चरित्र का सुंदर चित्रण कर बाल भगवान के द्वारा कई राक्षसों के उद्धार की कथा सुनाई ओर बताया कि बाल भगवान ने कालिया नाग से युद्ध कर उसे नाथने की सुंदर कथा सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि कलियुग के प्रभाव का समन करती है श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है।

कर्म प्रधान विश्व रच राखा, जो जस करिहें सो तस फल चाखा

श्रीमद भागवत कथा में महाराज जी ने बताया कि भगवान ने इंद्र के घमंड को तोड़कर भगवान गोवर्धन महाराज की कथा सुनाई आगे महाराज जी ने बताया कि धुंधकारी अति दुष्ट था उसका पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चला गया था। धुंधुकारी वेश्याओं के साथ रहकर भोगों में डूब गया और एक दिन उन्हीं के द्वारा मार डाला गया। अपने कुकर्मों के फलस्वरूप वह प्रेत बन गया और भूख प्यास से व्याकुल रहने लगा। एक दिन व्याकुल धुंधुकारी अपने भाई गोकर्ण के पास पहुंचा और संकेत रूप में अपनी व्यथा सुनाकर उससे सहायता की याचना की। गोकर्ण धुंधुकारी के दुष्कर्मों को पहले से ही जानते थे, इसलिए धुंधुकारी की मुक्ति के लिए गया श्राद्ध पहले ही कर चुके थे। लेकिन इस समय प्रेत रूप में धुंधुकारी को पाकर गया श्राद्ध की निष्फलता देख उन्होंने पुनः विचार विमर्श किया। अंत में स्वयं सूर्य नारायण ने गोकर्ण को निर्देश किया कि श्रीमद्भागवत का पारायण कीजिए। उसका श्रवण मनन करने से ही मुक्ति होगी। श्रीमद् भागवत का पारायण हुआ। गोकर्ण वक्ता बने और धुंधुकारी ने वायु रूप होने के कारण एक सात गांठों वाले बांस के भीतर बैठकर कथा का श्रवण मनन किया। सात दिनों में एक-एक करके बांस की सातों गांठे फट गई। धुंधुकारी भागवत के श्रवण मनन से सात दिनों में सात गांठे फोड़कर, पवित्र होकर, प्रेत योनि से मुक्त होकर भगवान के वैकुण्ठ धाम में चला गया एवं राधे-राधे के उद्घोष से माहौल भक्ति के रस में डूब गया कथा पारीक्षत श्रीमति राममूर्ति डॉ अखलेश उपाध्याय एवम पुजारी हरसेवक जी एवम सत्येश जी टेनगुरिया ने समस्त भगवत भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा अमृतपान कर अपने जीवन को सफल बनायें ।

दिव्यांगों के लिए अभिभावक परामर्श दात्री कार्यक्रम का आयोजन

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली

पाली। रोहट स्थानीय विद्यालय के सभागार में दिव्यांगों हेतु अभिभावक परामर्श दात्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक विनोद कुमार पन्नू ,विशिष्ट अतिथि जिला समावेशित शिक्षा के कार्यक्रम अधिकारी तेज सिंह पवार ने अपनी अपने ओजस्वी उद्बोधन से दिव्यांग बालक बालिकाओं का मार्गदर्शन किया । कार्यक्रम प्रभारी नीना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में रोहट ब्लाक के कुल 55 दिव्यांग बालक बालिकाओं ने भाग लिया। विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगों से संबंधित विभिन्न प्रकार की सरकारी सुविधाएं यथा एस्कॉर्ट, परिवहन शैक्षिक बिंदुओं पर परामर्श किया गया। साथ ही 21 प्रकार की विभिन्न दिव्यांगतो की जानकारी का स्लाइड शो का प्रेजेंटेशन भी किया गया। विद्यालय में गठित दिव्यांग फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित उड़ान कार्यक्रम के बैनर का विमोचन अतिथि वृंद द्वारा करवाया गया । नरपत सिंह राजपुरोहित द्वारा मार्गदर्शन किया गया ।इस कार्यक्रम में रोहट ब्लॉक के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन सिंह राजपुरोहित द्वारा दिव्यांगों को सम्बलन प्रदान किया गया । वहीं भामाशाह वैभव भंडारी व श् अंकित द्वारा कार्यक्रम में आए सभी दिव्यांग बालक बालिकाओं को खिलौने वितरित किए गए। रघुवीर द्वारा इन विद्यार्थियों हेतु एक कविता प्रस्तुत की गई। इसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर राजेश साइक्लोजेस्ट द्वारा चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्रधानाचार्य नथमल मोसलपुरी ने सभी अतिथि वृंद का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता आनंद किशोर , केसर सिंह राजपुरोहित, जितेंद्र आडवाणी का सक्रिय सहयोग रहा।

वन-टू-वन

गौ भक्तों ने गाय माता को जीवित बचाया

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली

रानी। जवाली सालारिया झुपा से 500 मीटर आगे डाउन ट्रैक पर रेलगाड़ी की चपेट में आने से गो माता घायल हो गई घटना रात (10.20) 30 मिनट की कड़ी मेहनत के बाद गो माता को डाउन ट्रैक से अप ट्रेक के नीचे एबुलेंस तक लाया गया सूचना कालू राम कुमावत ने गो भक्त नरपत घांची जवाली को दी नरपत ने वहा कॉल फोटू मगवा गाड़ी एंबुलेंस रवाना करवाई सुरभी गो सेवा संस्थान पाली और साथ ही 8055 गो सेवा ग्रुप पाली मौके पर पहुंची गो सेवा में सुरभी गो सेवा संस्थान पाली से हेल्पलाइन नंबर के गो भक्त कालूराम कुमावत 8055 गो सेवा ग्रुप पाली से अजय बंजारा , प्रिंस बंजारा ,तुलसीदास वैष्णव,गो भक्त नरपत घांची जवाली, भरत सिसोदिया , कवरा राम कर्मचारी महेंद्र , चेतन , गोविंद ,प्रकाश ,मुकेश स्थानीय गो भक्तो का सराहनीय योगदान रहा। इतनी कड़ी सर्दी और रात को 12 बजे एंबुलेंस मौके से पाली पिंजरा पोल गोशाला पहुंचाया गया सुरभी गो सेवा संस्थान पाली राजस्थान भगवा रक्षा दल पाली युवा मोर्चा संयोजक नरपत घांची ने सभी का साधुवाद धन्यवाद अर्पित किया सभी को आशा और विश्वास जताया गया कालूराम कुमावत के द्वारा कभी भी कही भी गो माता को खुच हो जाए कोई वार करे या एक्सीडेंट कोई भी केस हो 24 घंटे 7 दिन आप लोग नरपत घांची या सीधा हमे भी कॉल कर सकते हो तत्पर और तैयार है सेवा में एंबुलेंस सुरभी गो सेवा संस्थान पाली।

आशिफ अली ने बी नेगेटिव रेयर ब्लड ग्रुप 4 साल की बच्ची पीयू राठौर को ब्लड डोनेट किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी। जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य आशिफ अली ने एक 4 साल की बच्ची पीयू राठौर जिसको डेंगू हो गया था ओर उसकी प्लेटलेट्स 30,000 रह गई थी और हीमोग्लोबिन 4.5 था बच्ची के घर वाले कल से बहुत ज्यादा परेशान हो रहे थें इनको ब्लड नही मिल रहा था और ब्लड बैंक मे इस ब्लड ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नही था जय समिति के अध्यक्ष अमित गोयल सेठ को ये जानकारी मिली तो उनके एक कॉल करने पर आशिफ अली अपना काम छोड़ कर शिवपुरी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक मे पीयू राठौर को ब्लड देने आ गए ऐसे रक्तबीर को जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी ट्रद्दश बहुत बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है रक्तदान महादान ये देता है दुसरो को नया जीवनदान।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु लहार में मतदान दलों का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

दिनांक 09/12/2021 को शा.कन्या उ.मा.विधा.लहार में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ ।यह प्रशिक्षण 12 दिसंबर तक ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा लगातार दो पालियों में सुबह 10ः30 से 01ः30 तक दोपहर 2ः00 से 5ः00 बजे तक दिया जाएगा।प्रशिक्षण का निरीक्षण सहरू लहार ऋ. प्रजापति, ऋ लहार आशीष अग्रवाल,नायब तहसीलदार आरती गौतम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं हेतु विकास खंड शिक्षा अधिकारी करन सिंह कुशवाह,खंड श्रोत समन्वयक शैलेन्द्र सिंह कुशवाह,प्रशिक्षण प्रभारी आई. एच. सैयद , प्राचार्य कोमल सिंह परिहार , के.के. दीक्षित,अरविंद श्रीवास्तव आदि द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं में सहयोग किया गया।

भारतीय समाज सेवा समिति के द्वारा सराहनीय कार्य

रत्रोद से हरिओम परिहार की रिपोर्ट

रक्तदान महादान बहुत ही पुण्य का कार्य कर लेते ऐसे ही एक भारतीय समाज सेवा समिति बनाई गई है जो गरीब लोगों को भोजन व्यवस्था एवं कपड़ों से लेकर रक्तदान हर चीजें उपलब्ध कराते हैं और ऐसे भारतीय समाज सेवा के द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य करते रहते हैं ऐसा ही एक और मामला सामने आया है परमाल यादव रत्रौद को जिला चिकित्सालय शिवपुरी में रक्त की आवश्यकता पड़ने पर भारतीय समाज सेवा समिति के द्वारा ब्लड बैंक से 1 यूनिट रक्त की व्यवस्था कराई गई और जिला चिकित्सालय में सही उपचार ना मिलने के कारण उन्हें गुना सहयोग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जिसमें उन्हें गुना रक्तदान के सक्रिय सदस्य रंजित रघुवंशी जी ने 1 यूनिट रक्त की व्यवस्था कराई फिर भी रक्त की पूर्ति नहीं हुई इसके बाद आवश्यकता पढ़ने पर भारतीय समाज समिति के सक्रिय सदस्य सतीश श्रीवास्तव एवं हरिसिंह कुशवाह ने रत्रौद से गुना जाकर 2 यूनिट रक्तदान दिया।

ड्राइवर एसोसियेसन आज नगर पालिका में हड़ताल पर

अनिल कुशवाह ब्युरो

शिवपुरी- खबर शिवपुरी की नगर पालिका क्षेत्र से आ रही है जहां आज नगरपालिका के सभी सफाई कर्मी और ड्राइवर एसोसियेसन आज नगर पालिका में हड़ताल पर बैठ गये

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनो से लगातार सफाई कर्मी कलेक्ट्रेट और स्ब्क्ष ऑफिस मैं ज्ञापन दे रहे थे लेकिन किसी भी प्रकार की कोई हल नही निकल पा रहा हैं ये बही सफाई कर्मी हैं जिन्होंने कोरोना काल मैं अपनी जान की परबाह न करते हुए अपना कंधा से कंधा लगा कर सहयोग किया आज बो सफाई कर्मी अपनी मूल भूत सुबिधायो को लिए दर दर भटक रहे हैं। सफाई कर्मचारियों के अध्यक्ष संतोष कोड़े ने बताया की जब तक सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं की जाती तब तक पूरे शहर में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे और किसी प्रकार के सफाई से रिलेटेड कामों को नहीं किया जाएगा हमारी मांगे वेतन वृद्धि आठ परसेंट टी.ऐ.डी.ऐ.जोकि मध्यप्रदेश शासन द्वारा सफाई दिया जाता है वह हमें मिलना चाहिए वेतन वृद्धि के साथ अनुकंपा नियुक्ति और महिलाओं की ड्यूटी का समय सीमित किया जाए और हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए नहीं तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

देश के लिये अपूर्णीय क्षति है जनरल विपिन रावत का जाना - प्राचार्य

बदरवास। जनरल विपिन रावत द्वा किये गये कार्यों को ये देश कभी नही भूल पायेगा उक्त वाक्य देश के लिये वीरगति को प्राप्त हुये सीडीएस जनरल विपिन रावतजी के लिये श्रद्धांजली व्यक्त करने के पूर्व शासकीय कन्या उ.मा.वि.बदरवास की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती बसंती मिंज ने कही सर्वप्रथम विधार्थीयों को सीडीएस जनरल विपिन रावत द्वा देशहित के लिये किये गये कार्यो से अवगत कराया उसके बाद सभी ने मौन रखकर जनरल विपिन रावत के लिये श्रद्धांजली व्यक्त की जिसमें प्रभारी प्राचार्य श्रीमती बसंती मिंज ,श्री चंपालाल ओझा, श्री राकेश कुशवाह संतोष ओझा, श्रीमती शशीकला राठौर ,श्री मती कल्पना दुबे, श्रीमती आरती पटवा, कपिल परिहार, बलराम परिहार के साथ सभी छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभाग किया।

बदरवास से हरिओम परिहार की रिपोर्ट

आईएफडब्ल्यूज सोजत रानी कार्यकारिणी का गठन

गहलोत और भाटी ने किया टीम का किया ऐलान

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली

पाली रानी । सोजत इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्रसिंह राठौड़ पाली जिला अध्यक्ष अरुण कुमार जोशी के निर्देशानुसार सोजत और रानी उपखंड की पुर्नगठन प्रकिया के तहत जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त करके सोजत उपखंड रानी उपखंड स्तर कार्यकारिणी का गठन किया गया। रानी उपखंड से चुनावी प्रक्रिया में बाबूलाल भाटी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। आईएफडब्ल्यू जे संगठन पाली जिला अध्यक्ष अरूण जोशी के उपस्थिति में मंगलवार को सोजत उपखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। । जिसमें उपस्थिति सभी सदस्यों द्वारा उपखंड अध्यक्ष पद पर कैलाश गहलोत को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर धन्नाराम परिहार, राजेश शर्मा, महासचिव पद पर प्रकाश राठौड़, कोषाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, प्रवक्ता अब्दुल समद राही, सचिव पद पर महावीर गहलोत, भुवनेश टांक, रमेश भट्ट को चुना गया। सलाहकार के रूप में महेन्द्रसिंह राठौड़ ललित कुमार शर्मा रामेश्वर चौहान,मीठालाल पंवार को चुना गया। इस मौके कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हरीशचंद्र ,नत्थाराम बौराणा, अशोक गहलोत, दिलखुश गहलोत गजेन्द्र कुमार को चुना गया। रानी उपखंड अध्यक्ष बाबूलाल घांची ने अपनी कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर चौथा राम मीणा किरवा दैनिक भास्कर रानी। उपाध्यक्ष अरविंद गोयल खौड दैनिक नवज्योति पाली । महासचिव महिपाल रावल, सचिव ओपाराम खौड़ गुरु ज्योति पत्रिका पाली।, सचिव मगराज चौहान चाचोडी दैनिक भास्कर। सचिव गोविंद सुथार, । कोषाध्यक्ष भीमराज पारंगी। ,प्रवक्ता नेनाराम सिरवी चाचोडी पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो चीफ पाली। सलाहकार दलपत सिंह गागुडा, रमेश दायमा, कार्यकारिणी सदस्य विकास शर्मा, मांगीलाल घांची घेनड़ी को बनाया गया है जो पहले से ही आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ रानी में जुड़े हुए हैं वो सदस्य यथावत रहेंगे।

म.प्र पंचायत चुनाव पर बढ़ सकती है मुश्किलें, आरक्षण नियम पर हो सकता है बड़ा फैसला...

सुनवाई आज नए आरक्षण की वजह 2014 के आरक्षण पर चुनाव कराना पूरी तरह से संविधान का उल्लंघन है...

केशब पंडित जी अम्बाह...??

भोपाल... मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग ने तीन चरणों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। पहले चरण (के लिए मतदान 6 जनवरी 2022 को होगा। दूसरे चरण और तीसरे चरण के लिए 28 जनवरी और 16 फरवरी को मतदान होगा। हालांकि अभी तक पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट का मत स्पष्ट नहीं है। राज्य में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आरक्षण प्रक्रिया के मामले में सरकार अभी अटकी हुई है। 9 दिसंबर को एक बार फिर से पंचायत चुनाव को लेकर याचिका की सुनवाई की जाएगी।

बता दे कि हाईकोर्ट में जिला जनपद और ग्राम पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर जारी अधिसूचना और मनमानी प्रावधान को चुनौती दी गई थी। इस मामले में एक साथ 9 दिसंबर को सुनवाई की जाएगी।

पुरानी याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने 21 नवंबर 2021 को अधिसूचना जारी कर पंचायत चुनाव के 2014 के आरक्षण रोस्टर के आधार पर चुनाव कराने की घोषणा की थी लेकिन 2019-20 में पंचायत चुनाव का आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है। वही याचिका में 7 साल पुरानी परिसीमन और आरक्षण पर चुनाव कराने को चुनौती दी गई थी। इसमें सीनियर एडवोकेट और कांग्रेस लीडर विवेक तंखा ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि संविधान की धारा 243 ष्ट और ष्ठ का मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया गया है। नए आरक्षण की वजह 2014 के आरक्षण पर चुनाव कराना पूरी तरह से संविधान का उल्लंघन है। वहीं राज्य में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में लंबित याचिकाओं की सुनवाई एक साथ 9 दिसंबर को की जाएगी। राज्य चुनाव आयुक्त बीपी सिंह ने कहा कि 859 जिला पंचायत सदस्यों, 6727 जनपद पंचायत सदस्यों, 22581 सरपंच और 362754 पंच के लिए चुनाव होंगे। सिंह ने कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सिंह ने कहा कि 114 ग्राम पंचायत का कार्यकाल मार्च 2022 में समाप्त हो जाएगा। उन पंचायतों के लिए चुनाव मार्च में होंगे। सरपंच और पंच चुनाव की मतगणना जहां मतदान के दिन होगी। वहीं जनपद पंचायत और जिला पंचायत की मतगणना अलग-अलग चरणों में अलग-अलग तिथियों में की जाएगी।

जेल में बंद कैदी की हालत बिगड़ने पर इलाज के दौरान मौत

गोहद। बृजेन्द्र पुत्र बहादुर गोहद उप जेल में अवैध शराब बिक्री के मामले में बंद बिजेंद्र सिंह जाटव पुत्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम अकाह को उमरी पुलिस ने दिनांक 7 दिसम्बर को 30 हजार रुपए की कीमत की शराब के साथ पकड़ लिया था जिसे धारा 34/2 में गिरफ्तार कर उप जेल गोहद भेज दिया था जेलर सरिता मिंज के मुताबिक बुधवार शाम को कैदी की तबियत बिगड़ गई थी जिसे उपचार के लिए गोहद अस्पताल ले गए थे डॉक्टरो ने गंभीर स्थिति देखते हुए ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया था जहां इलाज के दौरान बिजेंद्र की मौत हो गई जिसे सुबह ग्वालियर में ही मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया भिंड पुलिस ने शांति व्यवस्था रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने सभी थानों का फोर्स लेकर मालनपुर पहुंचे जहां से शव को लेकर उमरी पहुंचे और लोगों को शांति रखने की अपील की है।

हेलिकॉप्टर में सीडीएस रावत के साथ थे

प्रदेश के जवान जितेंद्र कुमार की भी मौत, घर के बाहर भीड़, पुलिस तैनात

2014 में हुई थी शादी, मां है बीमार, डेढ़ साल की बेटी और चार साल का है बेटा

सीहोर। तमिलनाडु के कुन्नूर के जंगलों में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के साथ हुए हादसे में सीहोर के जवान जितेंद्र कुमार की भी मौत हो गई। जितेंद्र सीहोर के धामंदा गांव के निवासी थे. हादसा बुधवार दोपहर 12:30 बजे उस वक्त हुआ जब हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका समेत 13 लोगों की मौत हो गई। जवान जितेंद्र कुमार भी उनके साथ थे। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन ने उनके घर पर बल तैनात कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, जितेंद्र साल 2011 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे. ये खबर आते ही पूरे गांव में सन्नाटा फैल गया है. उनकी मौत की खबर उनके घरवालों को तत्काल नहीं दी गई, क्योंकि, उनकी मां की तबियत खराब है. खबर मिलते ही उनके घर के आस-पास लोगों की भीड़ जमा होने लगी थी. जवान की शादी साल 2014 में शादी हुई थी। उनकी एक डेढ़ साल की बेटी और 4 साल का बेटा है।

मुख्यमंत्री चौहान ने जताया दुख

जवान जितेंद्र के निधन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर दुख जताया. उन्होंने लिखा– मध्य प्रदेश की माटी के सपूत जितेंद्र कुमार जी को सादर श्रद्धांजलि. जिस हृदय विदारक हेलीकॉप्टर हादसे ने सीडीएस बिपिन रावत जी को हमसे छीन लिया, उसी में सीहोर के पुत्र ने कर्तव्य निर्वहन करते हुए प्राण गवां दिए. ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर श्रीचरणों में स्थान दें। मध्यप्रदेश की माटी के सपूत जितेंद्र कुमार जी को सादर श्रद्धांजलि। जिस हृदय विदारक हेलीकॉप्टर हादसे ने सीडीएस बिपिन रावत जी को हमसे छीन लिया, उसी में सीहोर के पुत्र ने कर्तव्य निर्वहन करते हुए प्राण गवां दिए। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर श्रीचरणों में स्थान दें।

शहडोल जिले की सोहागपुर रियासत की बेटी थीं बिपिन रावत की पत्नी मधुलिका

भोपाल। तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत की दुखद मौत हो गई। मधुलिका रावत डिफेन्स वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष थीं। इसके साथ ही वो सेना के जवानों की पत्नियों, बच्चों और डिपेन्डेन्ट के वेलफेयर के लिए काम करती थीं।

जनरल विपिन रावत की पत्नी मधुलिका मध्य प्रदेश के शहडोल जिले की सोहागपुर रियासत की बेटी थीं. उनके पिता कुंवर मृगेंद्र सिंह सोहागपुर गद्दी के इलाकेदार हुआ करते थे। वह कोतमा विधानसभा सीट से दो बार कांग्रेस के विधायक भी रहे हैं. उनका अब देहांत हो चुका है। 2011- 12 में जनरल रावत आखिरी बार शहडोल आए थे. घटना की जानकारी मिलते ही उनका परिवार दिल्ली के लिए रवाना हो गया। सीडीएस विपिन रावत की पत्नी मधुलिका रावत शहडोल की थीं. उनकी प्रारंभ की प?ाई शहडोल में ही हुई. इसके बाद उन्होंने सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर में पढ़ाई की और फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया था।

विपिन रावत से उनकी शादी 1986 में शादी हुई थीं तब विपिन रावत कैप्टन थे. उनकी 2 बेटियां हैं कृतिका बड़ी बेटी जबकि तारणी रावत छोटी बेटी हैं. मधुलिका रावत के दो भाई हैं।

बड़े भाई का नाम हर्षवर्धन सिंह जबकि छोटे भाई का नाम यशवर्धन सिंह है. मधुलिका रावत सेना के कई वेलफेयर कार्यक्रमों और अभियानों का हिस्सा रहीं. उन्होंने वीर जवानों की पत्नियों और बच्चों की काफी मदद भी की थी।

सोहागपुर के इलाकेदार थे पिता

विपिन रावत का ससुराल शहडोल के सोहागपुर गद्दी में है. इनके ससुर मृगेंद्र सिंह सोहागपुर इलाके के इलाकेदार हुआ करते थे और कोतमा विधानसभा से 2 बार कांग्रेस से विधायक रहे. विपिन रावत की शादी 1987 में हुई थी. सीडीएस रावत के सास ससुर का देहांत हो चुका है. 2011- 12 में विपिन रावत आखिरी बार शहडोल आए थे. बिपिन रावत के पिता लक्ष्मण सिंह रावत भी भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं. उन्होंने लेफ्टिनेंट-जनरल की जिम्मेदारी भी संभाली थी. उनकी मां उत्तरकाशी से विधायक रहे किशन सिंह परमार की बेटी थीं।

प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने हाईकोर्ट में दी जानकारी

45 दिन में लागू होगा नया मोटर व्हीकल एक्ट, हो सकती है तीन साल की जेल

जबलपुर। मध्य प्रदेश में जल्द ही इंडियन मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट 2019 लागू होने जा रहा है। प्रदेश में परमिट शर्तों का उल्लंघन कर अवैध रूप से ऑटो रिक्शा के संचालन मामले में हाई कोर्ट की फटकार के बाद प्रदेश के परिवहन आयुक्त मुकेश जैन जबलपुर हाई कोर्ट में पेश हुए इसके बाद राज्य में जल्द ही नया मोटर एक्ट लागू करने की बात सामने आई। मामले में परिवहन आयुक्त मुकेश जैन की ओर से जबलपुर हाई कोर्ट में लिखित हलफनामे पर जवाब पेश किया गया है। इसमें कहा गया कि हाई कोर्ट के आदेशों का अक्षरशह पालन किया जाएगा।

परिवहन आयुक्त की ओर से जवाब में कहा गया कि पूरे प्रदेश में बिना परमिट संचालित ऑटो रिक्शा को जब्त करने की कार्रवई की जाएगी. साथ ही साथ प्रदेश में 45 दिनों के भीतर इंडियन मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट 2019 लागू करने की बात हाई कोर्ट में पेश जवाब में की गई है।

हाई कोर्ट ने इस मामले में परिवहन विभाग से 2 हफ्तों में एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 3 जनवरी की तारीख तय कर दी है।

कई गुना बढ़ा जुर्माना

- धारा 178 के तहत अब बिना टिकट यात्रा करने पर 500 रुपये जुर्माना देना होगा।
- धारा 179 के तहत ऑथोरिटीज के आदेश नहीं मानने पर अब 2000 जुर्माना होगा।
- धारा 181 के तहत बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 5000 रुपये जुर्माना होगा।
- धारा 182 के तहत अयोग्य होने के बाद भी वाहन चलाने पर 10,000 जुर्माना होगा।
- धारा 183 के तह अब ओवरस्पीडिंग (तय गति सीमा से ज्यादा तेज वाहन चलाने पर) 1000 रुपये जुर्माना LMV के लिए वहीं, 2000 जुर्माना MPV के लिए होगा।
- धारा 184 के तहत खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर अब 5000 तक का जुर्माना होगा।
- धारा 185 के तहत अब शराब पीकर वाहन चलाने पर 10,000 के जुर्माने का प्रावधान है।
- धारा 189 के तहत अब स्पीडिंग/रेसिंग पर 5000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है.
- धारा 1921 के तहत अब बिना परमिट वाला वाहन चलाने पर 10,000 रुपये तक के जुर्माना देना होगा।

क्या है मोटर वाहन संशोधन विधेयक 2019

इस नए एक्ट में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने जैसे नियमों को सख्त और यातायात नियमों के उल्लंघन पर अधिक जुर्माने का प्रस्ताव किया गया है. मोटर वाहन संशोधन विधेयक 2019 को नौ अगस्त 2019 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है. बता दें कि ट्रैफिक नियम तोड़ने पर सख्त सजा होगी. इस बिल में प्रावधान है कि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट करता है, तो उसके पेरेंट्स को 3 साल तक जेल होगी। वाहन रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया जाएगा. जुर्माने की रकम भी कई गुना बढ़ाई गई है. बगैर हेलमेट बाइक चलाने पर 1000 रुपये तक जुर्माना और 3 महीने तक लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान है. आपातकालीन वाहनों को रास्ता नहीं देने और अयोग्य होने के बावजूद गाड़ी चलाने के लिए 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

हाई कोर्ट ने की थी तल्ख टिप्पणी

प्रदेश में ऑटो रिक्शा के अवैध संचालन के मामले में जबलपुर हाई कोर्ट ने दो तल्ख टिप्पणियां की थीं. पहली ये कि अगर परिवहन विभाग अवैध ऑटो पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है तो वो ये काम किसी दूसरी एजेंसी को दे देंगे और दूसरी ये कि अगर हाईकोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया तो प्रदेश के परिवहन सचिव को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है।

महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं नूरी खान

भोपाल। नूरी खान को इस्तीफे की पेशकश का रिटर्न गिफ्ट मिल गया है। उज्जैन की तेजतर्रार नेत्री नूरी खान को महिला कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही तीन अन्य महिला नेत्रियों को भी उपाध्यक्ष बनाया गया है। इन पर अलग-अलग इलाकों की जिम्मेदारी रहेगी। नूरी खान ने दो दिन पहले ही कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। आरोप लगाए थे कि कांग्रेस में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा होती है। वे वर्ग विशेष से आती है इसलिए उन्हें जिम्मेदारी वाला पद नहीं दिया गया है। उन्होंने कई सवाल उठाए थे. हालांकि, इस्तीफा देने के दो घंटे बाद ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने उनसे बात की। इसके बाद नूरी ने इस्तीफा भी वापस ले लिया। तभी से कयास लग रहे थे कि नूरी को पार्टी में कोई बड़ा पद मिल सकता है। ताकि उनकी नाराजगी दूर हो सके। इसके बाद उन्हें महिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष बनना चाहती थी

नूरी खान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में थीं। उनका दावा मजबूत था। जब अर्चना जायसवाल को महिला कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तब से नूरी नाराज थी। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर लंबा-चौड़ा पोस्ट डालकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद से ही कहा जा रहा था कि नूरी ने प्रेशर पॉलिटिक्स के लिए यह कदम उठाया है। खासकर, इस्तीफा देने और वापस लेने से उन्होंने अपनी बात मनवा ली है। नूरी के इस्तीफे की भाषा भी आक्रामक थी। नूरी ने लंबे-चौड़े पत्र में अपने मन की टीस लिखी थी।

आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराई कार्यक्रम का किया आयोजन

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली

पाली। रानी-उपखण्ड क्षेत्र के खारडा आंगनबाड़ी केंद्र पर गुरुवार को एएनएम अनु कंवर राठौड़ के नेतृत्व में अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें एएनएम एवं वार्ड पंच रेखा भटनागर ने सभी गर्भवती महिलाओं को तिलक एवं मोली बांधकर अन्न प्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम में सभी को मुंह मीठा करवाया। साथ ही स्थानीय विधालय के अध्यापक मांगीलाल दहिया, लालाराम परमार ने आशीर्वाद दिया। इस मौके पर एएनएम अनु कंवर राठौड़ ने मौसमी बीमारियों एव टीकाकरण के बारे सभी को विस्तार से जानकारी अवगत करवाई।

इन महिलाओं को गोद भराई सविता/रमेश कुमार संगीता/राजेंद्र, पपु/उमेश, सुमन/दिलीप कुमार, सुरज/हिरालाल इस मौके पर कार्यकर्ता सीता देवी मेघवाल,आशा सहयोगिनी ममता त्रिवेदी,साथिन छगनी देवी, उपसरपंच जन्मजयसिंह राठौड़ वार्ड पंच रेखा भटनागर, वार्ड पंच दाकु देवी सीरवी,रेखा हिरावत,भागु सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

नेहरू युवा केंद्र संगठन श्योपुर द्वारा सबका साथ, विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता संपन्न

पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक

श्योपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र श्योपुर जिला समन्वयक विनोद चतुर्वेदी निर्देश अनुसार श्योपुर जिले के शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में दिनांक 9 दिसंबर 2021 को सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास थीम पर आधारि देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ओ पी शर्मा जी रहे, निर्णायक मंडल में असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल कुमार, ज्योति शुक्ला, प्रेमचंद, विकास जाट, सोशल वर्कर माया शर्मा जी थी जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में ब्लॉक के चयनित प्रतिभागियों को शामिल किया गया सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम में नियमों का पालन करते हुए प्रदर्शन किया जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों का भाषण सुनने के पश्चात तीन विजेताओं का चुनाव किया गया जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम पुरस्कार अनुष्का गुप्ता , द्वितीय पुरस्कार पवन नईबाल एवं तृतीय पुरस्कार मनु शुक्ला प्रमाण पत्रों द्वारा सम्मानित किया गया। नेहरू युवा केंद्र श्योपुर के लेखपाल दिलीप सुमन जी द्वारा कार्यक्रम का उद्घोधन किया गया। जिसमें वॉलिंटियर योगेंद्र शिवहरे, कविता प्रजापति, वीरेंद्र मीणा, गंगाराम जाटव, प्रकृति शर्मा, आशीष शर्मा साथ युवा मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।

देश को सुरक्षित बनाने में अविस्मरणीय भूमिका के लिए हमेशा याद रहेंगे बिपिन रावत :शर्मा

भोपाल। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में अपनी भूमिका और देश को सुरक्षित बनाने में अपने अविस्मरणीय योगदान के लिए जनरल विपिन रावत हमेशा याद रहेंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी तथा स्टाफ के सदस्यों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कही। स्व. जनरल विपिन रावत को कुशल सेनानायक बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं सह संगठन महामंत्री हितानंद ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि सीडीएस के रूप में जनरल रावत ने तीनों सेनाओं को एक कमान के अधीन लाने तथा उनके बीच समन्वय के संबंध में भाजपा की सोच को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह किया।

केन्द्र सरकार ने दी प्रोजेक्ट को मंजूरी

9 जिलों को होगा केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट से सबसे ज्यादा फायदा

भोपाल। बहु प्रतीक्षित केन बेतवा लिंक परियोजना को बुधवार को केंद्र की मंजूरी मिलने से बुंदेलखंड के दिन फिरने की उम्मीद जाग गई है. इस इलाके की जीवनरेखा कही जाने वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना लंबे समय से कागजों में दौड़ रही थी।

मोदी कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद परियोजना पर अमल का रास्ता बन गया है. केंद्र सरकार ने इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर तैयार कर ली है।

मोदी केबिनेट के परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद अब बुंदेलखंड में पानी पहुंच सकेगा. पानी की कमी से जूझ रहे बुंदेलखंड में पानी की कमी दूर हो सकेगी. ये परियोजना 44 लाख 605 करोड़ रुपये लागत की है।

इस परियोजना से एमपी के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सागर, दमोह और दतिया जिलों में पानी की कमी दूर होगी. इसी के साथ उत्तर प्रदेश के बांदा महोबा झांसी और ललितपुर जिलों में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। प्रदेश के विदिशा, शिवपुरी, रायसेन जिलों में करीब 62 लाख लोगों को पेयजल भी मुहैया होगा।

प्रधानमंत्री मोदी को भेजेंगे न्यौता

मोदी कैबिनेट में केन-बेतवा लिंक परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद अब इस का भूमिपूजन होगा. जानकारी के मुताबिक इसी महीने मोदी की मौजूदगी में केन बेतवा लिंक परियोजना की शुरुआत हो सकती है. फिलहाल इसके लिए जगह तय नहीं है. शिवराज सरकार की कोशिश है कि केन बेतवा लिंक परियोजना की शुरुआत मध्यप्रदेश से की जाए. इसके लिए सरकार की तरफ से पीएम मोदी को न्यौता भेजा जा सकता है।

यूपी चुनाव से पहले मास्टर स्ट्रोक

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने बीते दिनों संसद में परियोजना से जुड़ा मुद्दा उठाया था. उनकी कोशिश है कि खजुराहो से पीएम मोदी परियोजना की शुरुआत करें. हालांकि उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले मोदी सरकार का यह बड़ा कदम है. संभावना यह भी है कि पीएम मोदी की मौजूदगी में यूपी में इस परियोजना की शुरुआत की जाएगी जिसमें एमपी और यूपी के मुख्यमंत्री भी शामिल रहेंगे. लंबे समय से विवादों के कारण अटकी परियोजना को अब मोदी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है और मुमकिन है कि इस परियोजना पर अब तेजी के साथ काम शुरू होगा और एक बड़ी आबादी तक पानी पहुंच पाएगा।

पुलिस कमिश्नर सिस्टम मंजूर! पावरफुल हुई भोपाल-इंदौर पुलिस

भोपाल। भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान में मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर पुलिस और ज्यादा पावरफुल हो गई हैं। सिस्टम के अस्तित्व में आने के साथ ही दोनों शहरों के पहले पुलिस कमिश्नर व अन्य अफसरों की पोस्टिंग का आदेश भी जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और डीजीपी विवेक जौहरी के साथ प्रस्तावित ड्राफ्ट मंत्रालय में 1 दिसंबर को बैठक की। करीब आधे घंटे चली बैठक में दोनों अफसरों ने नए सिस्टम के ड्राफ्ट में किए प्रावधानों की सिलसिलेवार जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्राफ्ट को फाइनल करने के लिए एक बैठक और की जाएगी, ताकि कमी या खामी ना रह जाए। अब गुरुवार को मुख्यमंत्री ने ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है।

पीएम के सामने होगा प्रेजेंटेशन: मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को बनारस जाएंगे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक लेंगे। इसमें राज्यों के नवाचार व विकास के कामों का प्रेजेंटेशन होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले माह लखनऊ में पुलिस अफसरों की बैठक में कमिश्नर सिस्टम को लेकर तरीफ की थी। माना जा रहा है कि मप्र के प्रेजेंटेशन में पुलिस कमिश्नर सिस्टम को भी शामिल करेंगे। बता दें कि भोपाल के 32 थाने और इंदौर के 34 थाना क्षेत्रों में यह पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने की तैयारी है। गृह विभाग ने दंड संहिता की धारा 107/16, 144,133, पुलिस एक्ट, मोटर व्हीकल अधिनियम, राज्य सुरक्षा अधिनियम, शासकीय गोपनीयता, अनैतिक देह व्यापार, राज्य सुरक्षा जिला, किडनैप आदि के अधिकार पुलिस को देने का प्रस्ताव तैयार किया है।

मुंबई की तर्ज पर क्राइम ब्रांच: भोपाल-इंदौर में मुंबई की तर्ज पर क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक के लिए अलग-अलग डीसीपी नियुक्ति होंगे। इनके अधीन दो-दो एसपी स्तर के अधिकारी तैनात रहेंगे। क्राइम ब्रांच को संगीन अपराधों की विवेचना, छानबीन का काम सौंपा जाएगा। इसी तरह, शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का जिम्मा ट्रैफिक डीसीपी के पास रहेगा।

नगर निगम सीमा के सभी थाने शामिल होंगे: बता दें कि गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पूर्व में बताया था कि दोनों शहरों के नगर निगम सीमा में आने वाले थाने इसमें शामिल होंगे। देहात के थाने नहीं रहेंगे, लेकिन देहात के जिन थानों में शहरी क्षेत्र आता है, उन्हें शामिल किया जाएगा। दोनों जिलों में अलग-अलग पुलिस आयुक्त रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के तीन-तीन, उपायुक्त स्तर के 8 अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के 12, सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के 28 अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे।

पुलिस कमिश्नर प्रणाली में पुलिस को मिलेंगे ये अधिकार: कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस खुद धारा 144 व कर्फ्यू लगा सकेगी। शांति भंग होने की आशंका के तहत पुलिस किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर 14 दिनों तक जेल भेज सकती है। पुलिस के पास प्रतिबंधित करवाई करने का अधिकार होगा। जेल से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार भी पुलिस के पास होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करने का अधिकार पुलिस को होगा।

शिवपुरा से पाचवा तक डामर रोड़ कार्य प्रगती पर

पाली – सोजत ग्राम पंचायत शिवपुरा से पाचवा तक डामर रोड़ निर्माण कार्य चल रहा है पिछले कई समय से ये कार्य बन्द था जिसमे शिवपुरा सरपंच प्रतिनिधि और समाजसेवी नेमाराम मेघवाल के अथक प्रयासो से कार्य को पुन चालू किया और ये डामर रोड़ 5 द्वद्व तक बन रही है ।आस पास के गाँव के लोगो को इसका फायदा मिलेगा साथ ही शिवपूरा मे पुलिस थाना है। और हर वक्त झुपेलाव दोनों पांचवा नया गाँव राजोला चोपड़ा आदि गावो से सीधा संपर्क होगा और इन गावो से पाली जाने के लिए भी सीधा और नजदीक रास्ता होगा । ये रास्ता इतना खराब था की रोज दुर्गटनाये होती रहती थी ग्राम पंचायत शिवपूरा के सभी लोगो मे खुशी का माहौल है वार्ड पंच जलालुद्दीन निजाम ,भूडाराम, सुरेश, पर्वत ,कानाराम, युवराज, रफीक, तेजाराम ,विनोद ,जबर सिह आदि लोग मौजूद थे ।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए जनवरी 2023 तक तैयार हो जायेगा नया स्टेडियम : श्री सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का लिया जायजा

ग्वालियर। विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होकर ग्वालियर में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वर्ष-2022 के अंत तक तैयार हो जायेगा। जनवरी 2023 में ग्वालियर के इस नए मैदान में अंतर्राष्ट्रीय मैच हो सकेंगे। इस आशय की जानकारी केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी। श्री सिंधिया ग्वालियर में शंकरपुर के समीप निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का जायजा लेने पहुँचे थे। गुरूवार को विमान द्वारा ग्वालियर पहुँचने के बाद श्री सिंधिया ने सीधे शंकरपुर पहुँचकर स्टेडियम का जायजा लिया।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने बताया कि ग्वालियर का नया स्टेडियम विश्व स्तर का और आधुनिक व बेहतरीन सुविधाओं से युक्त स्टेडियम होगा। स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप टर्फ विकेट बनाई गई है। जिस पर मध्यप्रदेश के इंदौर व ग्वालियर के पुराने स्टेडियम की प्रकृति के अनुरूप हाई स्कोरिंग और तेज आउट फील्ड वाले मैच साकार होंगे। उन्होंने बताया कि नए स्टेडियम में प्रथम चरण में 30 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता उपलब्ध होगी, जिसे आगे ब?ाया जायेगा। श्री सिंधिया ने बताया कि स्टेडियम का मैदान तैयार है। पवेलियन और गैलरी इत्यादि का 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और बाकी के काम मई से पूर्ण होना शुरू हो जायेंगे और अक्टूबर तक पूरी तरह तैयार होंगे। अगले साल के दिसम्बर माह में फिनिशिंग सहित स्टेडियम पूरी तरह तैयार होगा।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट खेल को ब?ावा देने के लिये सदैव से अग्रणी रहा है। अधोसंरचना से लेकर प्रशिक्षण पर एसोसिएशन विशेष ध्यान देता है। इसी का सुफल है कि हाल ही में मध्यप्रदेश के दो खिला?ियों ने भारतीय क्रिकेट टीम में प्रवेश किया है। मध्यप्रदेश का हुनर विश्व स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करे। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इसके लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसके लिये एसोसिएशन के सभी अधिकारियों को शुभकामनायें व बधाई भी दी।

नए स्टेडियम के चारों ओर स्थित पहा?ियों को हरा भरा करें

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से कहा कि स्टेडियम के चारो ओर स्थित पहा?ियों पर वृहद वृक्षारोपण कर हरा-भरा करें, जिससे स्टेडियम के आसपास का परिसर भी खूबसूरत और आकर्षक हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने इस काम को प्रमुखता से अंजाम देने का भरोसा दिलाया।

नए स्टेडियम की नई विकेट पर खेली क्रिकेट

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पैड व ग्लब्स पहनकर बल्ला थामा और नए स्टेडियम की नई विकेट (पिच) पर ख? होकर अपनी बल्लेबाजी के हुनर भी दिखाए। जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगणों व खिला?ियों ने गेंदबाजी और केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने बल्लेबाजी की। इसके बाद श्री सिंधिया ने स्टेडियम परिसर में सामूहिक रूप से दौ? भी लगाई।

इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगरीय आवास एवं विकास राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया, पूर्व राज्य मंत्री श्री गिर्राज डण्डौतिया, पूर्व विधायकगण सर्वश्री रमेश अग्रवाल, रामबरन सिंह गुर्जर, मदन कुशवाह व मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अभिलाष खाण्डेकर व सचिव श्री संजीव राव, ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमेन श्री प्रशांत मेहता तथा श्री संजय आहूजा व श्री रवि पाटनकर सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

ग्वालियर में 11 दिसंबर को लगेगा विशाल ड्रोन मेला

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की पहल पर एमआईटीएस में हो रहा है यह आयोजन

ग्वालियर। केन्द्रीय नागकरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर ग्वालियर में 11 दिसम्बर को विशाल एवं आकर्षक ड्रोन मेला का आयोजन होने जा रहा है। इस मेले का आयोजन भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय एवं फिक्की के सहयोग से एमआईटीएस (माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साईंस) में होगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट व ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य मंत्रिगण एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

एम आई टी एस के निदेशक डा आर के पंडित ने बताया कि भारत की तकनीक क्षमता को ब?ाते हुए सभी विभाग ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं। इस क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं हैं। इस मेले से अन्य विभाग भी ड्रोन का उपयोग करने की दिशा में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ड्रोन मेले में किसान, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र छात्राओं का समूह, एवं इस क्षेत्र में शोध करने वाले शोधार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर कई विभागों खनन, शिक्षा, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, लैंड रिकॉर्ड, पुलिस, डी आर डी ई, रक्षा आदि विभागों से आए सभी तरह के ड्रोन का प्रेजेंटेशन होगा। इस ड्रोन मेले का आयोजन खास तौर पर किसानों एवं तकनीकी छात्र एवं छात्राओं को ड्रोन का महत्त्व एवं उसकी. उपयोगिता समझाने के लिए किया जा रहा है। तकनीकी क्षमताओं के विकास से समाज के सभी वर्गों को जिसमे किसान, हेल्थ सेवा, ट्रांसपोर्ट सेवाओं को और उपयोगी इफेक्टिव एव तेज बनाया जा सकता है।

आयुक्त निःशक्तजन श्री रजक द्वारा ग्वालियर के कृषि विश्विद्यालय में भर्ती प्रक्रिया के विरूद्ध स्थगन आदेश

ग्वालियर। निःशक्तजन आयुक्त श्री संदीप रजक ने दिव्यांगजन डॉ. दीप सिंह सासोडे द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्विद्यालय, ग्वालियर के डीन, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष पदों के लिए जारी विज्ञापन में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अवहेलना के मद्दे नजर स्थगन आदेश जारी किया है। श्री सासोडे ने ÷दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016÷ के तहत प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति करने संबंधी जारी दिशा निर्देशों की अनदेखी करने की शिकायत 3 दिसम्बर को न्यायालय आयुक्त निःशक्तजन मध्यप्रदेश में की थी। शिकायत में बताया गया है कि उक्त विज्ञापनों के लिए 18 दिसम्बर 2021 से इंटरव्यू शुरू हो रहे हैं।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने सीडीएस स्व. रावत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

पुलिस कंट्रोल रूम में हुई श्रद्धांजलि सभा

ग्वालियर । भारतीय सेनाओं के प्रमुख सीडीएस जनरल स्व. श्री बिपिन रावत को प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गुरूवार को ग्वालियर प्रवास पर आए जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने यहाँ पुलिस कंट्रोल रूम में सीडीएस स्व. बिपिन रावत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री हितिका वासल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी व श्री मोहन सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी शामिल हुए और सीडीएस स्व. रावत के चित्र पर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. I31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478